संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरुवार 30 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 320 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




जयपुर में रेलवे जीएम ने किया सुरक्षित रेल संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को पुरस्कृत




संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरुवार, 30 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



श्रमिकों के सकुशल बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह सबसे पहले बाबा बौख नाग से प्रार्थना की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 320 पृष्ठ: 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## फास्ट न्यूज

### अटल डुल्लू होंगे जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्य सचिव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अटल डुल्लू केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्य सचिव होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए। आदेश के अनुसार 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अटल डुल्लू को 1 दिसंबर से जम्मू-कश्मीर का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। हाल ही में केंद्र सरकार ने उनके वापस उनके जम्मू-कश्मीर मूल कैडर में भेजा था। मौजूदा मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी और शाह के करीबी सुनील ओझा का निधन

**अहमदाबाद।** गुजरात के भावनगर दक्षिण से भाजपा के पूर्व विधायक सुनील ओझा का बुधवार को दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करीबी ओझा पिछले कुछ समय से बिहार में संगठन के सह प्रभारी के रूप में काम कर रहे थे। वो कई वर्ष तक उत्तर प्रदेश के प्रभारी भी रहे हैं। बताया गया है कि उनकी पार्थिव देह को वाराणसी ले जाया जाएगा। वहां 30 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। संगठन में गहरी पैठ रखने वाले ओझा को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार की रणनीति के लिए संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ओझा मूल रूप से भावनगर जिले के रहने वाले थे।

### ममता सरकार ने पुलिस को बेलगाम छोड़ा: निशीथ

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर पूरे पश्चिम बंगाल में पुलिस को जनता पर अत्याचार करने के लिए बेलगाम छोड़ने का आरोप लगाया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि राज्य में ममता बनर्जी के भ्रष्ट शासन को हराने का समय आ गया है। गृह राज्य मंत्री प्रमाणिक धर्मतल्ला में पार्टी की रैली को संबोधित कर रहे थे। कूचबिहार से सांसद प्रमाणिक ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने राज्य में आतंक का राज कायम कर दिया।

### पीपीएस से आईपीएस बने 25 अफसरों को मिली तैनाती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने बुधवार को पीपीएस से आईपीएस बने 25 पुलिस अधिकारियों को नई तैनाती दी है। सबसे पहले कानपुर कमिश्नरेट से प्रदीप कुमार को पुलिस अधीक्षक एनटीएफ मुख्यालय, हरगोविंद को पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, राम सुरेश को सेनानायक विशेष सुरक्षा बल मथुरा, मोहम्मद तारिक को पुलिस अधीक्षक रूल्स मैन्युअल मुख्यालय लखनऊ, निधि सोनकर को पुलिस अधीक्षक यूपी 112 उत्तर प्रदेश भेजा गया है।

# रेस्क्यू की सफलता पर श्रमिकों के परिजनों के साथ दीवाली मनाएंगे मुख्यमंत्री धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग से रेस्क्यू किए गए श्रमिकों का हाल-जानने के लिए बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ पहुंचे। धामी ने रेस्क्यू की सफलता की खुशी में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर श्रमिकों के परिजनों साथ दीवाली मनाने की घोषणा की है। रेसक्यू किए गए सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ऋषिकेश के एम्स पहुंचाया दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती हर श्रमिक से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम जानी। उन्होंने डॉक्टरों से श्रमिकों के स्वास्थ्य लाभ व चिकित्सा उपचार की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में श्रमिकों को दी जा रहीं विभिन्न सुविधाओं का भी

**चेक वितरित किये**

**8 चिन्यालीसौड़ पहुंचे मुख्यमंत्री ने एक-एक लाख के प्रोत्साहन चेक किए भेंट**

**8 मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि**

जायजा लिया। उन्होंने श्रमिकों के हौसलों की सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टनल से रेस्क्यू किए प्रत्येक श्रमिक को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि के चेक भी सौंपे। मुख्यमंत्री धामी ने रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतिम दौर में पाइप पुशिंग के लिए रैट माइनिंग तकनीक से मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि देने



की घोषणा की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सुरंग हादसे के चलते हम सब इस बार दीवाली नही मना सके थे, अब सभी श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिए जाने के बाद बुधवार को दिवाली का जश्न मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के परिजनों को देहरादून मुख्यमंत्री आवास पर दिवाली मनाने के लिए आमंत्रित किया है।

मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों में से टनकपुर, चंपावत के पुष्कर की माता से मोबाइल पर बात की और उन्हें पुष्कर के स्वस्थ होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी श्रमिकों को सकुशल बचाकर राज्य सरकार ने अपना वचन निभाया है। मुख्यमंत्री ने पुष्कर की माता को बताया कि पुष्कर के साथ ही सभी श्रमिक सुरक्षित हैं।

जल्द ही हायर सेंटर में जांच के उपरांत पुष्कर सहित अन्य श्रमिकों को उनके घर भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों के परिजनों से भी मुलाकात की। उन्होंने श्रमिकों के साहस, मनोबल और परिजनों के धैर्य के साथ ही रेसक्यू अभियान में शामिल सभी एजेंसियों व कार्मिकों की अनथक मेहनत को इस अभियान की सफलता का आधार बताया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के अभियान पर निरंतर नजर रखे हुए थे और वह श्रमिकों की कुशलता को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में श्रमिकों के अनमोल जीवन को बचाने की सरकार की वचनवद्धता और परिजनों के साथ ही जनता के अटूट विश्वास ने इस बेहद जटिल, चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे बचाव अभियान को कामयाब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस दौरान कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे। इसी बीच जानकारी मिली है कि रेस्क्यू किए गए सभी श्रमिकों को एहतियात के तौर पर उच्च चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सभी श्रमिकों को चिनुक हेलीकॉप्टर से ऋषिकेश एम्स पहुंचाया गया है।

# बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह धमाकों की गूंज:शाह

## = सीएए इस देश का कानून है, हम इसे लागू करके रहेंगे

**कांग्रेस पर निशाना**

**8 जब से यहां कांग्रेस की सरकार बनी है तब से राजस्थान में हर तीज-त्योहार के दौरान दंगे होते रहे है: मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

अमित शाह ने आज कोलकाता के विक्टोरिया हाउस के सामने एक रैली की। उन्होंने कहा- जिस बंगाल में कभी सुबह-सुबह रवीन्द्र संगीत सुनाई पड़ता था, आज वही बंगाल बम धमाकों से गूंज रहा है। पूरे देश में सबसे ज्यादा चुनावी हिंसा बंगाल में होती है। वो बंगाल में घुसपैठ को रोक नहीं पा रही है। कभी ममता बनर्जी घुसपैठ के मुद्दे पर संसद पार्लियामेंट चलने नहीं देती थीं, आज खुलेआम घुसपैठियों को वोटर कार्ड और आधार कार्ड बंट रहे हैं और ममता बनर्जी चुप बैठी हैं। जिस राज्य में इतनी घुसपैठ होती हो वहां विकास कैसे हो सकता है, इसीलिए ममता बनर्जी नागरिकता संशोधन कानून



### शाह ने ममता को दी गिरफ्तार नेताओं को बर्खास्त करने की चुनौती

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षक नियुक्ति समेत अन्य मामलों में गिरफ्तार पार्टी नेताओं को पद से बर्खास्त करने की चुनौती भी दी। शाह ने कहा कि घुसपैठ को समर्थन देने के कारण ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं। इतनी अधिक घुसपैठ वाले राज्य में विकास नहीं हो सकता। ममता बनर्जी ने घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार संसद को ठप कर दिया था, लेकिन अब वह चुप हैं। उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद कोई भी वहां घुसपैठ नहीं कर सकता।

(सीएए) का विरोध कर रही हैं। आज मैं कहकर जाता हूं कि उअअ इस देश का कानून है और हम इसे लागू करके रहेंगे। जो वहां से आए हैं वो सभी हिंदू भाइयों बहनों का इस देश पर उतना ही अधिकार है, जितना आपका और हमारा है, उनका अधिकार कोई नहीं छीन सकता।

**बंगाल सरकार ने रैली की इजाजत नहीं दी थी:** ममता बनर्जी की सरकार ने अमित शाह की इस रैली को अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद प्रदेश भाजपा ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट की सिंगल बेंच ने रैली की अनुमति दे दी थी। राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ बड़ी बेंच के पास पहुंची थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस सिवागनानम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। बड़ी बेंच में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से सभा की इजाजत ना देने का कारण पूछा था। राज्य सरकार के वकील ने बताया कि विक्टोरिया हाउस कोलकाता शहर का केंद्र है। यहां सभा होगी तो शहर ठप्प हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को छोड़कर वहां कोई सभा नहीं होती है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि 21 जुलाई को ऐसा क्या खास होता है कि इस दिन को छोड़कर वहां कोई सभा नहीं हो सकती। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि इस मामले को लेकर बेवजह समस्या खड़ी की जा रही है।



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र के लोनावाला में कैवल्यधाम के शताब्दी समारोह के उद्घाटन के दौरान।

### सरकार को कानून बनाने से नहीं रोक सकते राज्यपाल

**केरल।** लंबित विधेयकों पर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ केरल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने बुधवार को कहा कि राज्यपाल राज्य सरकार को कानून बनाने से रोक नहीं सकती है। बता दें कि कार्यवाही की शुरूआत के बाद से राज्यपाल आरिफ ने विधानसभा से पारित आठ में से एक लंबित विधेयक को मंजूरी दे दी है। वहीं, अन्य 7 विधेयकों को राष्ट्रपति द्वारा विचार के लिए आरक्षित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल से विधेयकों पर चर्चा के लिए संबंधित मंत्री के साथ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से मिलने को कहा है।

# मणिपुर में मैतेई उग्रवादी संगठनों पर कसेगा शिकंजा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने मणिपुर में संचालित मैतेई उग्रवादी समूहों पर प्रतिबंध बढ़ाने के फैसले पर विचार करने के लिए न्यायाधिकरण का गठन किया है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, गृह मंत्रालय ने गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) न्यायाधिकरण का गठन किया है। गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार मेधी की सदस्यता में न्यायाधिकरण का गठन किया गया है। न्यायाधिकरण यह फैसला करेगा कि मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों के साथ-साथ उनके गुटों, विंग और फ्रंट संगठनों को गैरकानूनी घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं। गृह मंत्रालय ने 28 नवंबर को देर रात एक अधिसूचना जारी कर इस बात की जानकारी दी है। मंत्रालय द्वारा यह फैसला 15 दिन बाद लिया गया है। इससे पहले

**गठन**

**8 गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार मेधी की सदस्यता में न्यायाधिकरण का गठन किया गया है।**

गृह मंत्रालय ने देश विरोधी गतिविधियों और सुरक्षा बलों पर घातक हमले करने के लिए मैतेई उग्रवादी समूहों और उनके सहयोगी संगठनों पर प्रतिबंध बढ़ा दिया था। मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम, 1967 की धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए केंद्र सरकार ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार मेधी की सदस्यता में गैरकानूनी गतिविधियां न्यायाधिकरण का गठन किया है।

# पाकिस्तान में फातिमा बनी राजस्थान की अंजू वापस लौटी भारत



**अमृतसर।** पाकिस्तान में फातिमा बनी राजस्थान की अंजू चार माह बाद बुधवार को भारत लौट आई। अंजू को उसका पति नसरुल्ला पाकिस्तान स्थित वाघा बॉर्डर पर छोड़ने आया। इसी वर्ष 21 जुलाई को राजस्थान के जिला अलवर से वीजा लेकर पाकिस्तान गई थी। उसने 25 जुलाई को ही पाकिस्तान में नसरुल्ला से विवाह किया। इसके बाद अंजू फातिमा बन गई। जबकि राजस्थान में अंजू का भारतीय पति अरविंद और बच्चे यह सुनकर स्तब्ध रह गए। अटारी सीमा पर पहुंची अंजू ने कहा कि वह अपने बच्चों से मिलने आई है। दरअसल, अंजू व नसरुल्ला की दोस्ती चार वर्ष पूर्व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से हुई थी। दोनों ने विवाह पर सहमति व्यक्त की।

# पांच वर्षों तक चलती रहेगी अन्न योजना: ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को सरकार की ओर से लिए गए अहम निर्णयों की जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने बताया है कि गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। अंत्योदय परिवारों को प्रतिमाह 35 किलो खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। योजना से 81 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। आगामी पाँच वर्षों में योजना पर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाएगा। इस योजना की शुरूआत कोविड 19 महामारी के



दौरान की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 13.50 करोड़ भारतीय गरीबी के स्तर से ऊपर उठे। यह मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने की

**मंजूरी**

**8 केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने की योजना को भी मंजूरी दी है।**

योजना को भी मंजूरी दी है। किसानों को सेवाएं प्रदान करने के लिए 2023-24 से 2025-2026 के दौरान 15,000 चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे।


**सीएम की सख्ती**

## बैठक में लगभग 2500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी गई मंजूरी

# मुख्यमंत्री मनोहर ने ली एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में लगभग 2500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 22 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जेपी दलाल, ऊर्जा मंत्री श्री रणजीत सिंह, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता,




विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री श्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में पुलिस, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, परिवहन, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, शहरी स्थानीय निकाय विभाग सहित विभिन्न विभागों के 12 एजेंडे तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी में कुल 23 एजेंडे रखे गए और अधिकतर एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।

**टोहाना में बनेगा 100 बिस्तरों का नया अस्पताल, लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं:** फतेहाबाद जिले के टोहाना में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल जल्द बनकर तैयार होगा। इसके बनने के बाद न केवल टोहाना बल्कि आस-पास के क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होंगी। इस संबंध में आज बैठक में अस्पताल के निर्माण कार्य के संबंध में लगभग 49 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा 52 सीटर 6 बसें तथा 32 सीटर 34 मिनी-बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। 55 पुलिस ट्रूप कैरियर की खरीद के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। विकास एवं पंचायत, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड व अन्य विभागों के इंजीनियरिंग वर्क्स के लिए 343 करोड़ रुपये की सामग्री की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में जिला फरीदाबाद के सेक्टर-78 में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों, सड़क कार्य सहित अन्य विविध भवनों सहित सिविल कार्य आदि के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी प्रदान की गई।

# 'कोई भी अच्छी चीज मुफ्त में नहीं मिलती'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ के एक कार्यक्रम में रक्षा से संबंधित उपकरणों की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने सुना होगा कि दुनिया में कोई भी अच्छी चीज मुफ्त में नहीं मिलती है। हर चीज की कोई न कोई कीमत चुकानी होती है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'मैं अपने विचार रखना चाहूंगा कि रक्षा से संबंधित उपकरणों में गुणवत्ता क्यों महत्वपूर्ण है। आप सभी ने यह कहावत तो सुनी ही होगी कि 'देयर इज नो फ्री लंच' यानी दुनिया में कोई भी अच्छी चीज मुफ्त में नहीं मिलती है। हर चीज की कोई न कोई कीमत होती



**विचार**

**8 जब इन सब चीजों को मिलाकर किसी उपकरण को तैयार किया जाता है तो अच्छी गुणवत्ता में हमारे सामने आता है।**

है, जिसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुकानी पड़ती है। बिल्कुल इसी तरह गुणवत्ता में सुधार के लिए भी मुफ्त में कुछ नहीं हो सकता।' उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष रूप से मतलब है कि अगर आप कोई अच्छा उपकरण बना रहे हैं तो बेहतर गुणवत्ता के लिए आपको अपने कौशल और कार्यबल में सुधार करना पड़ेगा। जब इन सब चीजों को मिलाकर किसी उपकरण को तैयार किया जाता है तो अच्छी गुणवत्ता में हमारे सामने आता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वहां एक कहावत है, जितना गुड़ डालोगो उतना ही मीठा होगा। यह कहावत हर जगह लागू होती है।

# राज्यपाल ने लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने पर दिया बल

## 'कैंसर एक बढ़ती चिंता' विषय पर सम्मेलन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल ने कहा कि कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि करुणा, सहानुभूति और समुदाय की भावना व्यक्तियों और उनके परिवारों को भावनात्मक सहयोग और ऊर्जा प्रदान कर सकती है क्योंकि उन्हें कैंसर के इलाज के दौरान कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।राज्यपाल आज गेयटी थिएटर, शिमला में सिमला सैनिटेरियम एंड ऑस्पिटल ऑफ सेवेंथ-डे एडवेंटिस्ट्स द्वारा कैंसर-एक बढ़ती चिंता विषय पर आयोजित सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि



कैंसर एक चिंताजनक विषय है, जिसने दुनिया भर में अनगिनत व्यक्तियों के जीवन पर असर डाला है और मौजूदा चुनौती बन गया है, जो न केवल नैदानिक व्यक्तियों बल्कि उनके परिवारों, दोस्तों और समुदायों को भी बड़े पैमाने पर प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि कैंसर अपने विभिन्न रूपों में एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट बन गया है और हमें इस पर ध्यान देनेए संसाधनों और सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर में प्रत्येक आंकड़े के पीछे एक व्यक्तिगत कहानी, एक मानवीय चेहरा और इस बीमारी के निरंतर बोझ से प्रभावित एक समुदाय है। राज्यपाल ने कहा कि हर साल एक करोड़ लोग कैंसर से जान गंवाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार कैंसर दुनिया भर में मौत का दूसरा प्रमुख कारण है, जो लगभग छह में से एक मौत के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रगति के अलावा कैंसर का सामना करने वाले लोगों के लिए भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने व्यापक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर बल देते हुए कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम ऐसी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की वकालत करें और उनमें निवेश करें जो शुरूआती जांच और हस्तक्षेप को प्राथमिकता देती हैं।

# दिल्ली के श्रद्धालुओं ने माता श्री चिंतपूर्णी को अर्पित किया 31 किलो चांदी का छत्र



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**प्रसिद्ध शक्तिपीठ** माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में बुधवार सुबह के समय दिल्ली के निवासी श्रद्धालु परिवार की ओर से करीब 31 किलो चांदी का छत्र चढ़ाया गया है। चांदी का छत्र चढ़ाने वाला ये श्रद्धालु परिवार दिल्ली के जवाहर पार्क का रहने वाला है। परिवार के सदस्य दविंदर भल्ला ने बताया कि इससे पहले वे मां ज्वालाजी के मन्दिर भी ऐसा छत्र चढ़ा चुके हैं और आज उन्होंने ये चांदी का छत्र चिंतपूर्णी माता रानी के चरणों में अर्पित किया है। पुजारी अमित कालिया ने इन श्रद्धालुओं की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। बता दें कि श्री चिंतपूर्णी माता रानी के चरणों में दानी सज्जन नकद चढ़ावे के साथ चांदी भी मां के चरणों में दान करते रहते हैं। एक साल के अंदर ही पंजाब के ही एक श्रद्धालु की ओर से दर्शन स्थल की दीवारों पर 35 किलो के करीब चांदी लगवाई गई है। वहीं, मन्दिर अधिकारी अजय मण्डयाल ने बताया कि दिल्ली के श्रद्धालु की ओर से 31 किलो का चांदी का छत्र मन्दिर में चढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि माता रानी के भक्त यंहा मन्दिर में दान करते रहते हैं। मन्दिर अधिकारी ने कहा कि इस चांदी के छत्र को उचित जगह देखकर स्थापित किया जाएगा।

# हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी, दो दिसंबर से खुलेगा मौसम



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।**

**हिमाचल प्रदेश** में बुधवार को भी मौसम का मिजाज खराब रहा। राज्य की उच्च पर्वतीय श्रंखलाओं पर रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी रहा, जबकि मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में आसमान बादलों से घिरा रहा। लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर बर्फ गिर रही है। राजधानी शिमला में दोपहर बाद घनघोर बादल छाए रहे। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक अगले दो दिन राज्य में मौसम खराब रहेगा। कुछ स्थानों में अगले 24 घण्टों के दौरान यानी 30 नवम्बर को अंधड़ व बारिश का येलो अलर्ट जारी हुआ है। पहली दिसम्बर को भी बारिश-बर्फबारी होने की आशंका है। दो से पांच दिसम्बर तक मौसम साफ रहेगा। इस बीच मौसम के तेवरों को देखते हुए पर्यटन नगरी शिमला में बर्फ गिरने की संभावना जताई जा रही है। बर्फबारी की आस से पर्यटकों ने यहां उमड़ना शुरू कर दिया है। शिमला में अक्सर दिसम्बर महीने में सीजन की पहली बर्फबारी होती है। हालांकि पिछले वर्ष यहां बर्फबारी का नजारा देखने को नहीं मिला था। इस बीच उच्च पर्वतीय इलाकों में हो रही बर्फबारी से राज्य में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मैदानों से लेकर पहाड़ी इलाकों के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। शिमला में न्यूनतम तापमान 7.2, सुंदरनगर में 7.6, भुंतर में 8.5, कल्पा में 2.2, धर्मशाला में 10.2, ऊना में 8.3, नाहन में 12.1, पालमपुर में 8.5, सोलन में 6.5, मनाली में 7.1, कांगड़ा में 10.3, मनाली में 7.7, चम्बा में 7.9, डल्हौजी में 7.3, जुब्बड़हट्टी में 10.6, कुफरी में 5.4, नारकंडा में 4.5, रिकांगपिओ में 5.8, समधो में 1.2 और सराहन में 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक बीके चौहान के निधन पर किया शोक व्यक्त

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।**

**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर** सिंह सुक्खू ने पूर्व विधायक और झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव बीके चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बीण्केण चौहान का आज तडके दिल्ली में निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे।बीके चौहान वर्ष 2007 से 2012 और 2012 से 2017 तक दो बार हिमाचल के चंबा सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए उनका सराहनीय योगदान है। समाज के हर वर्ग के कल्याण के प्रयासों के लिए उन्हें याद किया जाएगा।

# हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर 100 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा।**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** 30 नवंबर, 2023 को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे।

इसी कड़ी में कल अपराह्न 03 बजे यह रोजगार मेला शिमला के गेयटी थिएटर के मल्टी पर्पस हॉल में आयोजित किया जाएगा। यहां केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर मुख्यथिति रहेंगे और लगभग 100 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपें जाएंगे। यह रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केन्द्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केन्द्र-शासित प्रदेशों में भर्तियां की जा रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी सरकार के राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवाएं विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में योगदान करेंगे।

यह रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इस रोजगार मेले से आगे और रोजगार सृजित करने की दिशा में एक उत्प्रेरक के तौर पर कार्य करने और युवाओं को अपना सशक्तिकरण करने एवं राष्ट्रीय विकास में भागीदारी हेतु सार्थक अवसर प्रदान किए जाने की उम्मीद है। नवनियुक्त कर्मी अपने रचनात्मक विचारों और भूमिका-संबंधी दक्षताओं के माध्यम से अन्य बातों के साथ-साथ देश के औद्योगिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास को मजबूत करने के कार्य में योगदान देंगे, जिससे प्रधानमंत्री के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी।

नवनियुक्त कर्मियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा। आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर कहीं भी किसी भी उपकरण पर सीखने के प्रारूप में 800 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।

# ग्राम पंचायत कांगड़ में किया गया युवाओं को नशे के प्रति जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी।**

**हरोली ब्लॉक** की ग्राम पंचायत कांगड़ में बुधवार को नशा मुक्त ऊना अभियान के द्वारा चलाए जा रहे हर घर दस्तक अभियान कार्यक्रम किया गया। इस अभियान की अध्यक्षता सीडीपीओ पूनम ने की। उन्होंने कहां की युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए हमें प्रशासन के साथ मिलकर इस अभियान पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दो वर्ग बनाऐ जाएंगे, जिसमें कम्युनिटी हेल्थ सेंटर और दूसरा प्राइमरी हेलाल्थ सेंटर बानया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी को नशे से सबंधित जानकारी प्राप्त करनी हो तो वहो नशा मुक्त ऊना अभियान के अन्तर्गत दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

# 'उपमंडलों में आयोजित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**अतिरिक्त उपायुक्त** महेन्द्र पाल गुर्जर ने बताया कि ऊना जिला में वीरवार 30 नवम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर जिला परिषद् परिसर से वैन को हरी झण्डी दिखाकर करेंगे। इससे पहले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के बारे में पंचायत स्तर तक लोगों को जागरुक किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त बुधवार को जिला परिषद् भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विकसित संकल्प यात्रा जिला के सभी पांच विकास खण्डों में आयोजित की जाएगी। जबकि एक वैन शहरी क्षेत्रों के लोगों को जागरुक करेगी। उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को इस यात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने समस्त बीडीओ को निर्देश दिये कि यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान की गतिविधियां भी आयोजित करना सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट समयबद्ध भेजना सुनिश्चित करें। इसके साथ उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के बारे में शिविर लगाकर लोगों को जागरुक करें तथा पंजीकरण भी सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि जहां-जहां जागरुकता वैन पहुंचेगी, निर्धारित स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया जाए, जिनमें आयुष कार्ड पात्रता, आयुष कार्ड ईकेवाईसी, आभा पंजीकरण, शुगर, उच्च रक्तचाप व क्षय रोग जांच करने की व्यवस्था की जाए। एडीसी ने आमजन से विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए रचनात्मक सहयोग देने का आह्वान किया और आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर पीओ डीआरडीए शिफाली शर्मा, एसडीएम विश्वमोहन देव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजीव वर्मा, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, डॉ. सुखदीप सिद्धू, बीडीओ मुकेश कुमार, केएल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशा तस्करों पर हो सर्जिकल स्ट्राइक: विक्रमादित्य सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/नूरपुर।**

ड्रग्स के विरुद्ध लड़ाई केवल सरकार और प्रशासन की ज़िम्मेदारी नहीं है अपितु पूरे समाज को इसके विरुद्ध खड़ा होने की आवश्यकता है। नशे के खिलाफ लड़ाई एक जनआंदोलन बने इसके लिए सभी को अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी पड़ेगी। नूरपुर में ह्यरन अगेंस्ट ड्रग्सह्व मैराथन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए युवा सेवाएँ एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने यह शब्द कहे। नूरपुर में हुई इस मैराथन में कुल 270 युवाओं ने भाग लिया, जिसमें 215 पुरुष और 55 महिला प्रतिभागियों ने ड्रग्स के विरुद्ध दौड़ लगाई।

**यह रहे विजेता**

मैराथन में भाग लेने वाले युवाओं में महिला वर्ग में रवीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नीतिका चौधरी और अंजू ने द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में विक्रम सिंह पहले स्थान पर रहे तथा अंकित चौधरी दूसरे और तुषार चौधरी तीसरे स्थान पर रहे। महिला एवं पुरुष वर्ग में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5100 रुपये, दूसरे स्थान में रहने वाले को 3100 रुपये और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 2100 रुपये की राशि और स्मृति चिन्ह भेंट किए । युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने मैराथन में भाग ले रहे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नूरपुर और पास के क्षेत्रों में आज यह ड्रग्स रूपी दुश्मन बुरी तरह घुसपैठ कर चुका है। इसके विरुद्ध विजय हासिल करने के लिए हमें नशा तस्करों के ऊपर सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत है। उन्होंने स्थानीय लोगों और युवाओं से आह्वान किया कि अपने क्षेत्र से ड्रग्स की कुरीति को मिटाने के लिए सभी लोग सरकार और प्रशासन का सहयोग करें।

# जितेंद्र चंदेल बने हिमुडा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर।**

**हिमाचल प्रदेश** सरकार द्वारा जारी की गई एक अधिसूचना में बिलासपुर निवासी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र चंदेल को हिमुडा का बोर्ड आफ डायरेक्टर का सदस्य नियुक्त किया गया है। जितेंद्र चंदेल इससे पूर्व जिला परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं इसके अलावा कांग्रेस पार्टी में प्रदेश के विभिन्न पदों पर रहते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य भी रह चुके हैं। उनकी इस नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने उनको बहुत-बहुत बधाई दी है।

# छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**ऊना जिला प्रशासन** द्वारा शुरू किए गए नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत बुधवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैंसरी के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशों के दुष्प्रभावों के बारे में सचेत किया। इस मौके पर सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर जागरूकता रैली में भाग लिया। रैली के बाद राकेश कुमार ने बच्चों व ग्राम पंचायत प्रधान व अन्य सदस्यों के साथ हर घर द्वार पर पहुंचे



जहां उन्होंने घर के बाहर नशा मुक्ति अभियान के स्टीकर चस्पा किये वहीं घर की महिलाओं को पत्रक बांटते हुए नशों के दुष्प्रभाव से जागरूक किया और साथ ही नशे के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी गोपनीय रखी जाती है। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह, ग्राम पंचायत प्रधान बलविन्द्र कौर, उपप्रधान दलजीत सिंह, वार्ड सदस्य निधी वाला, स्कूल स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा वर्कर उस्थित रहे।

# महाविद्यालय अंब में शतरंज प्रतिभागियों ने दिखाए प्रतिभा के हुनर

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**महाविद्यालय अंब** में चल रही तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी शतरंज प्रतिभागियों ने जमकर अपना दम दिखाया।

महाविद्यालय से सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की। डॉ. रमन कुमार शर्मा ने कहा कि चेस एक ऐसी खेल है, जिससे मानसिक तनाव घटता है।

शारीरिक प्राध्यापक डॉ. पवन पटियाल ने बताया कि दूसरे दिन हुई प्रतियोगिताओं के तहत पुरुष वर्ग में चौथे राउंड के बाद आए नतीजों में राजकीय महाविद्यालय एमसीएमडीएवी कांगड़ा प्रथम रैंक, राजकीय महाविद्यालय संजोली द्वितीय रैंक, यूआईटी एचपीयू शिमला तृतीय रैंक, एचपीयू शिमला चौथे, एसपीयू मंडी पांचवें रैंक पर रहे हैं।

महिला वर्ग में दूसरे दिन तीसरे राउंड के बाद आए नतीजों में एमसीएम डीएवी कांगड़ा पहले रैंक, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला दूसरे रैंक, यूआईटी शिमला तीसरे रैंक, राजकीय महाविद्यालय मंडी चौथे रैंक और राजकीय महाविद्यालय संजोली पांचवें रैंक पर रहे हैं।

इस मौके पर डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. अश्वनी लखनपाल, अतुल चौधरी, अनिल कुमार, संजय कुमार प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. अमित कुमार शर्मा, डॉ. सुजाता, प्रो. सुरेता, प्रो. अनिल वर्मा, डॉ. श्रुति सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


# खड्ड कॉलेज में स्टूडेंट्स ने किया 20 यूनिट रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। राजकीय महाविद्यालय** खड्ड में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा राष्ट्रीय कैंडटेड के द्वारा बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. आरती व प्रो. लखबीर सैनी के निदेर्शानुसार किया गया। शिविर का आयोजन क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में डॉ. अभिषेक सेन के नेतृत्व में ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। कैंप में 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. रवि कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे हम जरूरतमंद की जिंदगी को बचा सकते हैं।

# हिप्र के चिंतपूर्णी में दुकानों पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखे मिलने से खलबली

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना।**

हिमालय की गोद मे बसे शांतिप्रिय राज्य हिमाचल प्रदेश की दीवारों पर एक बार फिर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखे मिलने से खलबली मच गई है। खालिस्तान समर्थकों ने इस बार विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी के क्षेत्र को निशाना बनाया है। इसकी जिम्मेदारी खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने ली है। चिंतपूर्णी मंदिर के तलवाड़ा बाइपास की दुकानों के शटर पर हिमाचल बनेगा खालिस्तान, शहीद भिंडरावाले जिंदाबाद के नारे



लिखे मिले हैं। इसका वीडियो बनाकर भी प्रसारित भी किया है । इसका खुलासा मंगलवार रात हुआ। वीडियो में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम संदेश जारी किया गया है। इसमे 1984 के दंगों के लिए कांग्रेस नेताओ पर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस जांच में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है ।

# रेणुका मेले में उद्योग विभाग की प्रदर्शनी रही प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**अंतरराष्ट्रीय श्री** रेणुका जी मेले में लगाई गई अलग-अलग विभागों की प्रदर्शनियों में उद्योग विभाग की प्रदर्शनी को प्रथम पुरस्कार का सम्मान मिला है। यही नहीं लोकल फॉर वोक्ल के तहत स्थानीय लोगों की लघु उद्योगों में दिलचस्पी को लेकर सजाए गए प्रोडक्ट्स को देख राज्यपाल ने उद्योग महाप्रबंधक साक्षी सत्ती की प्रशंसा भी करी।

यहां प्रगति मैदान में करीब दर्जन भर विभागों ने अपनी प्रदर्शनियां स्थापित करके सरकार की योजनाओं को दशार्या था। इन प्रदर्शनियों में शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी सहित उद्यान विभाग कृषि विभाग तथा आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही जल शक्ति विभाग की प्रदर्शनी की आम जनमानस के



द्वारा जमकर प्रशंसा भी की गई। अभिभावकों में शामिल बृजराज ठाकुर, कपिल तोमर, राजेश तोमर, विनोद ठाकुर, सरला चौहान, वीणा ठाकुर आदि ने कहा कि शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी के माध्यम से सरकारी शिक्षा का जो आधुनिक रूप दिखाया गया है निश्चित यह मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं जल शक्ति विभाग के द्वारा पानी की जांच और पानी के महत्व को इस बार जिस तरीके से डिस्प्ले किया गया था वह आकर्षण का केंद्र रहा। जल शक्ति विभाग की प्रदर्शनी में हर तस्वीर विभाग की उपलब्धियां सहित कार्य प्रणाली को भी आम जनमानस से साक्षात करवा रहा था। हालांकि प्रदर्शनी में लगाए वूलन के कपड़े काफ ी महंगे थे यही वजह रही की हिमाचली वेस्टन पर लुधियाना में बने हुए कपड़े लोगों के द्वारा ज्यादा पसंद किए गए। लगाई गई प्रदर्शनियों में महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा रखे गए स्थानीय उत्पादन भी आकर्षण का केंद्र रहे तो वहीं हिमकू के प्रोडक्ट बाहरी राज्य से आए पर्यटकों को जमकर भाए। सभी प्रदर्शनियां एक से बढकर एक थी बावजूद इसके उद्योग विभाग की प्रदर्शनी को इस बार सो, महाप्रबंधक साक्षी शक्ति के द्वारा योजना बद्ध करवाया गया था। इस प्रदर्शनी में राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा उद्योग स्थापित करने के लिए योजनाओं की विस्तार से जानकारी भी उपलब्ध कराई गई थी।लिहाजा उद्योग विभाग की प्रदर्शनी को पहला स्थान, उद्यान विभाग की प्रदर्शनी दूसरे और डीआरडीए की प्रदर्शनी तीसरे स्थान पर रही।

# वन संरक्षण अधिनियम की समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**अतिरिक्त उपायुक्त** शिमला अभिषेक वर्मा ने गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के रोजना हाल में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत लंबित मामलों पर बैठक ली।उन्होंने लूहरी प्रोजेक्ट चरण 2, बस स्टैंड तकलेच व ननखरी, जल शक्ति एवं लोक निर्माण विभाग के विकासात्मक कार्यों पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनके संशय दूर किए।अतिरिक्त उपायुक्त ने तहसील भवन कुपवी, बस स्टैंड नेरवा, चूड़धार हेलीपैड, सीए सटोर बाघी जैसे मामलों पर विस्तृत चर्चा की और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि विकासात्मक



कार्यों को गति मिल सके और विकास के लाभ धरातल पर पहुँच सकें।उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में पर्यावरण व विकासात्मक गतिविधियों का संतुलन बनाना अनिवार्य है और वर्तमान राज्य सरकार हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। बैठक में वन, जल शक्ति, लोक निर्माण, परिवहन व पर्यटन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सोनकर ने माइनिंग ब्लास्टिंग में पीएचडी कर स्थापित किए नए आयाम

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**आवश्यक्ता अविष्कार** की जननी है, मतलब जरूरत पड? पर कोई न कोई नया आइडिया सामने आकर समस्या का निदान करने में सहायक साबित होता है। किरतपुर से लेकर नेरचैक तक बन रहे फोरलेन हाईवे एक्सप्रैस की सुरंगों को बनाने में जब ब्लास्टिंग की गई तो आसपास के इलाकों में संभावित नुकसान से प्रभावित एवं प्रेरित होकर यहां पर आईसीटी बिलासपुर कंपनी में काम रहे इंजीनियर राजेश सोनकर (53) ने माइनिंग ब्लास्टिंग में पीएचडी कर आने वाली पीढि?ों के लिए नए रास्ते खोले हैं। भविष्य में होने वाले निमार्णों में ब्लास्टिंग से कम



से कम नुकसान हो इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग करते हुए राजेश ने एनआईटी रायपुर छतीसगढ़ से पीएचडी की। राजेश सोनकर की इस उपलब्धि से इनकी टीम में भी हर्ष की लहर है। करीब तीन सालों से बिलासपुर नगर के डियारा सेक्टर में रह रहे राजेश सोनकर के पिता बीएल सोनकर भिलाई स्टील प्लांट में लेक्चरर थे। परिवार में सबसे बड़े राजेश सोनकर की प्रांरभिक शिक्षा रायपुर में हुई जबकि बीटेक इन्होंने रायपुर से ही की। राजेश सोनकर ने बताया कि जब कहीं ब्लास्टिंग कार्य होता है तो आसपास के आवास, स्ट्रक्चर, भवन आदि पर भी कंपन्न का असर पड़ता है। और नुकसान होने का अंदेशा भी बना रहता है। नुकसान न हो या कम से कम होए इसके लिए माइनिंग एवं ब्लास्टिंग विषय पर उन्होंने शोध किया। इसी विषय पर पीएचडी कर सोनकर ने नए आयाम स्थापित किए हैं। उनका यह शोध कार्य ब्लास्टिंग से आसपास के घर वं स्ट्रक्चर्स के बचाव के उपाय पर किया गया है। इसमें इन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग किया। इनके दो शोध इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। डाण ज्योति से परिणय सूत्र में बंधने पर इनकी एक बेटी जर्मनी में पढ़ रही है जबकि बेटी पूना में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। राजेश सोनकर ने बताया कि भविष्य यह शोध बहुत काम आएगा। वहीं राजेश सोनकर की इस उपलब्धि पर उनकी कंपनी के आलाधिकारियों के साथ समाजसेवी राजेंद्र चैहान ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अपने विभाग को छोडकर, हर विषय पर राय देने में माहिर है बागवानी

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रदेश के बागवानी** मंत्री जगत सिंह नेगी अपने विभाग को छोडकर प्रदेश सरकार के हर विषय पर अपनी राय देने में माहिर है, यह बात प्रदेश प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने कही। उन्होंने कहा कि बीते सेब सीजन में बागवानी मंत्री ने पॉलिसी डिसिजन लिया कि बागवान पेटी में 24 किलो से उपर सेब नही बेच पाएगा। इस निर्णय को सरकार हिमाचल से बाहर तो छोड़ो हिमाचल प्रदेश की फ ल मंडियों में भी लागू न करवा पाई। बागवानी मंत्री ने पुरे सेब सीजन के दौरान बागवानो को कन्फ्यूज करके रखा। जनता के सामने इस बात को स्पष्ट करना चाहिए कि एम आई एस के तहत एच पी एम सी और हिमफेड द्वारा खरीदे गए सेबो का भुगतान हो गया है या नही.। बागवानी में प्रयोग होने वाले उपकरण पर जो सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती थी एक्या वो सरकार बागवानो को अभी भी दे रही है, ये सारी बाते जनता के समक्ष स्पष्ट होनी आवश्यक है। इस वर्ष भारी वर्षा के कारण आई आपदा में बागवानों की फ सल तबाह हो गई, कई लोगो के तो बागिचे ही उजड्ड गए। क्या उन लोगो को आपने मुआवजा दिया, अगर दिया तो कितना दिया ये बागवानी मंत्री को बताना चाहिए क्योकि राजस्व विभाग भी उनके पास है। चेतन बरागटा ने कहा कि बागवानी मंत्री द्वारा आजकल एक और नेरेटिव जनता में फैलाया जा रहा है कि अगले सीजन में हम यूनिवर्सल कार्टन लाएगे।

## संक्षिप्त खबरें

### कुगड़त में हुई लाखों की चोरी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना हरोली** के तहत कुंगड़त में शातिरों द्वारा एक घर में लाखों की चोरी करने का मामला सामने आया हैं। शातिर घर से सोने, चांदी व नकदी चुराने में सफल रहे हैं। वहीं पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक परशोत्तम लाल निवासी कुंगड़त ने बताया कि कुछ दिन पहले निजी काम के चलते घर से बाहर रह रहे थे। तभी मंगलवार सुबह हमारे पड़ोसी गुरवक्श ने बताया कि उनके मेन गेट का ताला टूटा हुआ हैं, और दरवाजा भी खुला हैं। परशोत्तम लाल ने बताया कि जैसे ही मैं वहां पहुंचा तो देखा कि घर का सारा सामान ईधर उधर बिखरा हुआ था। अलमारी चैक करने पर उसमें से 2 चैनी, लॉकेट, टापस, टिक्का ,नत्थ, सोने के गहने, 3जोड़े पायल तथा 34 हजार की नकदी घर से गायब थी। चोरी हुए सोने व चांदी के आभूषणों की कीमत चार लाख बताई जा रही हैं। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। डीएसपी हरोली मोहन रावत का कहना हैं कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### घालुवाल में अवैध शराब संग एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना हरोली** के तहत घालुवाल चौक से पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब संग काबू किया हैं। पुलिस ने व्यक्ति से अवैध शराब की 8 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानाकरी के मुताबिक हरोली पुलिस मंगलवार देर शाम घालूवाल चौक में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने निर्मल सिंह निवासी सलोह का अवैध शराब संग काबू किया। पुलिस ने निर्मल ने अवैध शराब की 8 बोतलें बरामद की। डीएसपी हरोली मोहन रावत को कहना है कि पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### एसआईवीटी बंगाणा के छात्रों ने किया माता वैष्णो देवी मंदिर का भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। एसआईवीटी** बंगाणा के छात्रों ने माता वैष्णो देवी मंदिर का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमे छात्रों ने मुख्य रूप से माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन किए। जिसमे लगभग 50 छात्र, छात्राएं एवं स्टाफ शामिल थे। तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों को संसथान द्वारा माता वैष्णो देवी मंदिर के अलावा धर्मशाला, मैक्लोडगंज व भागसूनाग झरना आदि प्रमुख स्थानों का भी भ्रमण किया। एसआईवीटी बंगाणा के प्रबंध निदेशक सतीश शर्मा ने बताया कि संसथान द्वारा छात्रों के लिए पढाई के साथ साथ इस तरह के भ्रमण का आयोजन किया जाता रहता हैं। इस अवसर पर अरुण कुमार, आयुष, रजनीश कुमार व मीना कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### अग्निशमन केंद्र में स्कूली छात्रों ने सीखा आग से लड़ने का गुर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। जेएस विज्डम** स्कूल ऊना के छात्रों ने बुधवार को अग्निशमन केंद्र रामपुर में भ्रमण किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि सभी बच्चों को अग्निशमन केंद्र में आग बुझाने के गुर सिखाए गए। इस दौरान सभी बच्चों को आग की घटना घटित होने पर टोल फ्री नंबर 101 डायल करने के लिए बताया गया। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में ऐसी घटना घटित होती हैं, तो ऐसी स्थिति में हमें अपनी आत्मरक्षा करने व जान माल को बचाने का हूनर होना सबके लिए जरूरी है। केंद्र के अग्निशमन अधिकारी नितिन धीमान ने आग के वर्गीकरण के अनुसार आग को बुझाने के तरीके विस्तार से बताएं।

### महाविद्यालय ऊना में मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। राजकीय महाविद्यालय** ऊना में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्याालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. राजकुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत की। प्रो. विकास सैनी ने उपस्थित सभी बच्चों को भारतीय संविधान के बारे में विस्तृत से बताया तथा सभी स्वयंसेवियों को को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, तथा पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता भी करवाई गई।

# 'एसीएसटी कंपोनेंट उत्थान पर व्यय नहीं हो रही है स्वीकृत 25 प्रतिशत राशि'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**अनुसूचित** जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा जिला बिलासपुर इकाई के प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीता राम कौंडल ने आरोप लगाया है कि एससी एसटी कंपोनेंट के उत्थान के लिए स्वीकृत राशि को व्यय नहीं किया जा रहा है। प्रैस को जारी बयान सीता राम कौंडल ने बताया कि अभी संविधान दिवस पर प्रस्ताव पारित किया गया की जो अनुसूचित जाति है अनुसूचित जनजाति विकास उप योजना कंपोनेंट प्लान जब केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1980 में दलित शोषित पीड़ित वर्ग के उत्थान हेतु उनके सामाजिक आर्थिक शिक्षा स्वास्थ्य के विकास हेतु आरंभ किया गया है। उसे प्लान की धनराशि को इन वर्गों के विकासात्मक कार्यों पर खर्च नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में इस प्लान में सरकार द्वारा 25 प्रतिशत राशि जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत की गई थी, मगर या राशि उक्त वर्गों के विकास कार्यों में खर्च नहीं की गई बल्कि धनराशि को अन्य कार्यों के लिए डायवर्ट किया गया है। जिस कारण अनुसूचित जाति जनजाति समुदाय का आर्थिक सामाजिक शिक्षा क्षेत्र व स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास नहीं हो रहा है और जिस उद्देश्य के लिए यह प्लान तैयार किया गया था, वह उद्देश्य पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज अनुसूचित जाति बस्तियों में सडक



और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, कई बस्तियों के लिए यह तो रास्ते भी पर्याप्त नहीं हैं। इस प्लान में स्वीकृत धनराशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है, इस संबंध में तेलगाना, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक आदि राज्यों में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून, अधिनियम बनाए गए हैं। इसलिए संयुक्त संघर्ष मोर्चा सरकार से मांग करता है कि हिमाचल प्रदेश में भी तेलगाना राज्य की तरह कानून बनाकर उपरोक्त धनराशि का इन वर्गों के विकास कार्यों हेतु खर्च किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 25 प्रतिशत बजट अनुसूचित जाति का और 8 प्रतिशत बजट अनुसूचित जनजाति का बजट प्रावधान करके शोषित वर्गों का विकास हेतु उक्त धनराशि को खर्च किया जाना अति आवश्यक है ताकि इन वर्गों का विकास हो सके। उन्होने कहा कि पिछले वर्षों में इस राशि को भी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है और हैरानी का विषय है कि यह 5 प्रतिशत भी इन वर्गों के विकास हेतु खर्च नहीं किया जाता।

# ग्राहकों के लिए पर्सनल दुर्घटना बीमा की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष। डाक विभाग ने** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से ग्राहकों के लिए पर्सनल दुर्घटना बीमा की शुरूआत की है। यह जानकारी अधीक्षक डाकघर सोलन मण्डल सपरुन राम देव पाठक ने दी। राम देव पाठक ने कहा कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से ग्राहकों को 396 रुपए व 399 रुपए में 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 लाख रुपए के पर्सनल दुर्घटना बीमा के साथ उपभोक्ताओं को अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए ग्राहक अपने समीप के डाकघर कार्यालय या इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक शाखा सोलन के प्रबंधक आशीष ठाकुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

# हाथ से बने हुए नेचुरल गोबर के उत्पाद की मार्केट में काफी डिमांड : उमाकांत जोशी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**हेल्पिंगहैंड संस्था** मंडी और नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत गोबर के बने उत्पाद धुपवती,मूर्तियां राखियां तथा अन्य गोबर के उत्पाद बनाए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन गोहर ब्लॉक के गनई गांव में किया गया। 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में गांव की 30 महिलाओं ने भाग लिया जिसका शुभारंभ जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड राकेश वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं को




गोबर सामग्री बांटी जाएगी ताकि आने वाले समय में यह इस प्रशिक्षण को अपने आजीविका का साधन बना सकें । 15 दिन के प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं का एक्सपोजर विजिट भी निधारित किया गया हैं। हेल्पिंगहैंड के मास्टर ट्रेनर उमाकांत जोशी ने बताया कि हाथ से बने हुए नेचुरल गोबर के उत्पाद का मार्केट में काफ ी डिमांड हैं और इसका क्लाइमेंट पर भी कोई असर नहीं पड़ता। आने वाले में समय में यह एक अच्छा आय का स्त्रोत बनेगा।

# विद्यार्थियों के भविष्य के करियर के लिए की गई काउंसलिंग

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**राजकीय आदर्श** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा में यूथ एंड इकोक्लब द्वारा आयोजित करियर काउंसलिंग में आईएमएस और यूटोपिया संस्थान शिमला द्वारा 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी और करियर से जुड़ी जानकारीयां उपलब्ध करवाई गई। जिसमें आईएमएस और यूटोपिया संस्थान शिमला के डायरेक्टर साइंस इंजीनियर आदित्य वेद शर्मा, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अंकित शर्मा ने बच्चों को विभिन्न एंट्रेंस एग्जाम के बारे में विस्तार पूर्वक



समझाते हुए बताया कि 12वीं के बाद कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्टएकॉमन लॉ एडमिशन टेस्टएनेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी टेस्ट जैसे कई एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी और इनमें करियर बनने की विभिन्न संभावनाओं को भी समझाया। प्रधानाचार्य संजय कुमार, यूथ एंड इको क्लब प्रभारी भारद्वाज वर्मा और पद्मनाभ, गणित प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार, राजनैतिक शास्त्र प्रवक्ता ललित ठाकुर कॉमर्स प्रवक्ता श्याम कपूर, टीजीटी नोन. मेडिकल राकेश गुप्ता सहित स्टाफ के अन्य सदस्यों ने भी बच्चों को कैरियर संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि सभी को अपनी रुचि के अनुसार विषयों को चुनना चाहिएए, सही गाइडलाइन से रुचि के विषयों में करियर बनाया जा सकता है। उन्होंने आईएमएस और यूटोपिया शिमला का विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग करने के लिए आभार प्रकट किया।

# एनटीपीसी कॉलोनियों में होने वाले कार्यों की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजें: गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**पिछले कई वर्षों** से कोल बांध परियोजना से विस्थापित हुए लोगों के लिए एनटीपीसी द्वारा बनाए गए पेंडिंग असेस्ट्स को शीघ्र ही जिला प्रशासन के माध्यम से विभिन्न विभागों को सौंपेगा। इसी के चलते एसडीएम अभिषेक गर्ग ने बुधवार को कोल बांध परियोजना से विस्थापित हुए लोगों के लिए बनी आरसी कॉलोनी कसोल एचम्यौण एसेडपा के अलावा डिस्पेंसरी हरनोड़ा स्कूल आदि का विभिन्न विभागों के साथ सयुंक्त निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गर्ग ने विस्थापितों की बिजली के कनेक्शन, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज



व्यवस्था, जगह-जगह डंगों का गिरना व डंगों पर बने मकानों को खतरा, आरसी कॉलोनी सेडपा में बनी सडकों के गड्ढे तथा बरसात के पानी के निकासी सहित विभिन्न समस्यों से अवगत हुए।जहां उन्होंने सेडपा में नए बन रहे 12 प्लॉट्स के निर्माण वहीं कसोल आरसी कॉलोनी के साथ बने पानी के पेय जल भंडारण टैंकों से प्लाटों में आ रहे पानी के रिसाव की भी निरीक्षण किया। हरनोड़ा से कसोल तक एनटीपीसी दौरा लगाई गई स्ट्रीट लाइट जो पिछले दो वर्षों से बंद पड़ीको लेकर भी एक्शन मूड में आए। वहीं एक लंबे अंतराल से आरसी कॉलोनी की सडकों में पड़े गड्ढे, जिनकी एनटीपीसी द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है।

जगह-जगह प्लॉट के डंगे गिरे हुए है कारण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को देखते हुए तुरंत संबंधित विभागों को मरम्मत के आदेश दिए है। इस टीम ने एसडीएम अभिषेक गर्ग ने की उपस्थिति में प्रातः 11 बजे कोल बांध परियोजना से विस्थापित हुए क्षेत्र के लोगों को आ रही दिक्कतों को लेकर दौरा किया।

# शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं के लिए स्कूल के तेनजिन रब्गा को दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**शहर के प्रतिष्ठित** ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल का तेनजिंग रब्गा 29 नवंबर, 2023 को भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली 66वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता पिस्टल इवेंट में भाग ले रहे हैं। ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर हमारे ऑलमाइटी शूटर को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देता है। तू खुद की तकदीर लिखेगा, जिंदगी के हर खेल में जीतेगा, सबसे अलग होगी शोहरत तेरी, जिसे हर कोई देखेगा।




शूटिंग एक कला है, जिसमें धैर्य एसटीकता और फोकस की आवश्यकता होती है। यह आयोजन खेल में आपके वर्तमान स्तर को काफी उन्नत करेगा, मानसिक रूप से बढ़ावा देगा और जीवन भर का अनुभव देगा। शूटिंग एक ऐसा खेल है जिसमें सटीकता और फ ोकस की काफी आवश्यकता होती है। तेनजिंग रब्गा इस प्रतियोगिता के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलबीर सिंह, प्रिंसिपल डायरेक्टर्स सीए पूजा मिन्हास, प्रधानाचार्य निवेदिता शर्मा ने तेनजिन रब्गा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही गौरवपूर्ण बात है कि हमारे स्कूल का विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर खेलने जा रहा है।

# विधानसभा के चुनाओं के बाद लोकसभा चुनाव का भी बनेगा बड़ा मुद्दा राम मंदिर

## संपादकीय

## विधानसभा चुनावो में दिखाया कांग्रेस ने दम

**देश** के पांच राज्यो के विधानसभा चुनावो में कांग्रेस ने अपनी ताकत का एहसास कराया है। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाकर भाजपा को जबरदस्त पटकनी दी थी। तभी से लगने लगा था कि कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी स्थिति सुधार रही है। वहीं केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का पराभव प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की थी तो किसी को सपने में भी गुमान नहीं था कि उनकी यात्रा को आमजन का इतना जन समर्थन मिलेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कमजोर होती कांग्रेस में एक नई जान फूंकने का काम किया है। पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है। इन राज्यों के नतीजे का असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। सबसे बड़ी बात 26 विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितनी बड़ी चुनौती दे पाएगा इसका पता भी इन विधानसभा चुनाव के परिणामों से लग जाएगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा की कुल 679 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस प्राय सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हिंदी भाषी बेल्ट माने जाने वाले राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की भाजपा से सीधा मुकाबला है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने इन तीनों प्रदेशों में सरकार बनाई थी। मगर भाजपा ने षडयंत्र पूर्वक मध्यप्रदेश की सरकार को गिरकर शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में अपनी सरकार बना ली थी। अब इन तीनों ही प्रदेशों में एक बार फिर कांग्रेस व भाजपा में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां मतदान हो चुका है। मतदान के प्रारंभिक रुझानों से लगता है कि कांग्रेस मजबूत बनकर उभर रही है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछले दो वर्षों में बहुत सी जनहितकारी योजनायें शुरू की थी। जिसका असर इन चुनाव में भी देखने को मिला है। चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से सात वायदे किए हैं तथा कहा है कि यदि फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह इन वादों को लागू करेगी। यह सभी वायदे आमजन को खासा प्रभावित कर रहे हैं। राजस्थाना में कांग्रेस ने कमजोर स्थिति वाले बहुत से विधायकों का टिकट काट कर नए लोगों को मौका दिया है। जिससे सरकार के प्रति व्याप्त नाराजगी समाप्त हुई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस तरह से चुनावी चक्रव्यूह की रचना की थी जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता भी उलझ कर रह गए। कई बड़े जाट नेताओं के भाजपा में जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने जाट समाज के लोगों को बढ़ चढ़कर टिकट दिया थां जिसके चलते जाट समाज के मतदाता कांग्रेस से ही जुड़े रहे हैं। प्रदेश में सबसे बड़ी आबादी जाट समाज की है जो पारंपरिक रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं। इस बार भी जाटों का कांग्रेस से जुड़ाव कांग्रेस के लिए एक नई संजीवनी साबित हो रहा है। हालांकि भाजपा ने सात सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा था। मगर सभी सांसद चुनावी चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आये। उनके चुनाव लड़ने से भाजपा को कोई फायदा होता नजर नहीं आ रहा है। उसके उलट कांग्रेस ने संगठन से जुड़े कई नए लोगों को अवसर देखकर पार्टी कार्यकताओं में एक नए जोश का संचार किया है।



अशोक भाटिया

> "प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रण पर शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने चुटकी लेते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रित करने की कोई जरूरत नहीं हैं। वो खुद इतने बड़े कार्यक्रम से दूर नहीं रह सकते। यह शब्द राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए कहा कि भगवान राम का विरोध करने वाले सड़कों पर घूम रहे हैं और ऐसा करना जारी भी रखेंगे। ज्ञात हो किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम लला मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के लिए औपचारिक निमंत्रण मिलने के बाद, विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सिर्फ एक पार्टी का कार्यक्रम बन जाएगा। संजय राउत को सिर्फ चुनाव दिखता है लेकिन प्रतिष्ठा समारोह आस्था और श्रद्धा का विषय है। आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि लोग अपनी मानसिकता के अनुसार बात करते हैं"

**मध्य** प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनाव को 2024 का सेमीफाइनल माना जा रहा है। हिंदी पट्टी वाले तीन राज्यों में बीजेपी बनाम कांग्रेस की सीधी लड़ाई है, तो तेलंगाना में त्रिकोणीय और मिजोरम में दो क्षत्रपों के बीच मुकाबला है। ऐसे पांच राज्यों के चुनाव में जीत-हार के नतीजों को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। 2014 और 2019 की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी 2024 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। इसका सारा दारोमदार पांच राज्यों के चुनाव के चुनाव के रिजल्ट पर टिका है, क्योंकि इसके नतीजे कहीं न कहीं 2024 के नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में भी राम मंदिर एक बड़ा मुद्दा रहा और आगामी यानी 2024 के लोकसभा चुनाव में भी राम मंदिर बड़ा मुद्दा रहेगा। फर्क सिर्फ इतना है के 2019 के लोकसभा चुनाव में बात हो रही थी भव्य राम मंदिर के निर्माण की, लेकिन 2024 में बात होगी रामलला के लंबे इंतजार के खत्म होने और स्थाई मंदिर में विराजमान होने की। राम नगरी अयोध्या में एक तरफ जहां भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है तो वहीं दूसरी ओर रामनगरी को सजाने संवारने और आध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने का काम भी दिन रात किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राम मंदिर का मुद्दा बहुत तेजी से तूल पकड़ रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। इसको लेकर अभी से तैयारी शुरू हो गई है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी पूजन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी, राज्यपाल प्रोटोकाल शिष्टाचार के तहत प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। एक लंबे इंतजार के बाद आखिरकार राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय हो गई है, दिन भी निश्चित है। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से चार प्रतिनिधि मंडलों के दल ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर उनको आमंत्रित भी कर दिया है। श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिये निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- धन्य महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में



कहा कि वह खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं और यह उनका सौभाग्य है कि वह अपने जीवनकाल में, इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रण पर शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने चुटकी लेते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रित करने की कोई जरूरत नहीं हैं। वो खुद इतने बड़े कार्यक्रम से दूर नहीं रह सकते। यह शब्द राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए कहा कि भगवान राम का विरोध करने वाले सड़कों पर घूम रहे हैं और ऐसा करना जारी भी रखेंगे। ज्ञात हो किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम लला मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के लिए औपचारिक निमंत्रण मिलने के बाद, विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सिर्फ एक पार्टी का कार्यक्रम बन जाएगा। संजय राउत को सिर्फ चुनाव दिखता है लेकिन प्रतिष्ठा समारोह आस्था और श्रद्धा का विषय है।आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि लोग अपनी मानसिकता के अनुसार बात करते हैं, संजय राउत को सिर्फ चुनाव दिखता है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा आस्था का, विश्वास का, भक्ति का विषय है और इसके लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया गया है। इससे पहले भी उन्होंने भूमिपूजन किया था। अब जब मंदिर लगभग बन चुका है और इसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी (2024) को होगी, तो प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया गया है और उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। यह बलिदानों के बारे में नहीं है, यह भक्ति और विश्वास के बारे में है। दास ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को भगवान राम का आशीर्वाद है इसलिए वह सत्ता में हैं लेकिन जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया वे सड़कों पर घूम रहे हैं और आगे भी घूमते रहेंगे ।

इन सब बातों से बेखबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स/ट्विटर पर पोस्ट कर राष्ट्र को उस क्षण के बारे में जानकारी दी, जिसकी प्रतीक्षा वह करीब 500 साल से कर रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया है कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला सरकार के श्री विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। गौरतलब है कि आज हम रामजन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर को आकार लेते देख रहे हैं, प्राण-प्रतिष्ठा का दिनांक सुनिश्चित हो गया है। लेकिन यह यात्रा उतनी भी सहज नहीं रही है जितनी आज दिखती है। यह संघर्ष 1528 से ही शुरू हो गया था जब इस्लामी आक्रांता बाबर के सेनापति मीर बाकी ने अयोध्या में भगवान राम के जन्मस्थान पर मस्जिद का निर्माण करवाया। 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि पूरी जमीन रामलला की है और मंदिर वहीं बनेगा।

लेकिन इस मोड़ तक पहुँचने के क्रम में न जाने कितने रामभक्तों ने खुद को बलिदान कर लिया। कितनी बार अयोध्या की गलियों के रामभक्तों के रक्त से लाल कर दिया गया। ऐसी ही एक तारीख 2 नवंबर 1990 की है।2 नवंबर 1990 को तत्कालीन आईजी एसएमपी सिन्हा ने अपने मातहतों से कहा कि लखनऊ से साफ निर्देश है कि भीड़ किसी भी कीमत पर सड़कों पर नहीं बैठेगी। आइए जानते हैं कि अयोध्या में 1990 की 2 नवंबर को क्या हुआ था?

सुबह के नौ बजे थे। कार्तिक पूर्णिमा पर सरयू में स्नान कर साधु और रामभक्त कारसेवा के लिए रामजन्मभूमि की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस ने घेरा बनाकर रोक दिया। वे जहाँ थे, वहीं सत्याग्रह पर बैठ गए। रामधुनी में रम गए।फिर आईजी ने ऑर्डर दिया और सुरक्षा बल एक्शन में आ गए। आँसू गैस के गोले दागे गए। लाठियाँ बरसाई गईं। लेकिन रामधुन की आवाज बुलंद रही। रामभक्त न उत्तेजित हुए, न डरे और न घबराए। अचानक बिना चेतावनी के उन पर फायरिंग शुरू कर दी गई। गलियों में रामभक्तों को दौड़ा-दौड़ा कर निशाना बनाया गया।

3 नवंबर 1990 को जनसत्ता में छपी एक रिपोर्ट में लिखा गया था, कि राजस्थान के श्रीगंगानगर का एक कारसेवक, जिसका नाम पता नहीं चल पाया है, गोली लगते ही गिर पड़ा और उसने अपने खून से सड़क पर लिखा सीताराम। पता नहीं यह उसका नाम था या भगवान का स्मरण। मगर सड़क पर गिरने के बाद भी सीआरपीएफ की टुकड़ी ने उसकी खोपड़ी पर सात गोलियाँ मारी।

इस घटना का उस समय की मीडिया रिपोर्टिंग से लिए गए कुछ और विवरण पर गौर करिए तो पुलिस और सुरक्षा बल न खुद घायलों को उठा रहे थे और न किसी दूसरे को उनकी मदद करने दे रहे थे।फायरिंग का लिखित आदेश नहीं था। फायरिंग के बाद जिला मजिस्ट्रेट से ऑर्डर पर साइन कराया गया।किसी भी रामभक्त के पैर में गोली नहीं मारी गई। सबके सिर और सीने में गोली लगी।

तुलसी चौराहा खून से रंग गया। दिगंबर अखाड़े के बाहर कोठारी बंधुओं को खींचकर गोली मारी गई।राम अचल गुप्ता का अखंड रामधुन बंद नहीं हो रहा था, उन्हें पीछे से गोली मारी गई।रामनंदी दिगंबर अखाड़े में घुसकर साधुओं पर फायरिंग की गई।कोतवाली के सामने वाले मंदिर के पुजारी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया।रामबाग के ऊपर से एक साधु आँसू गैस से परेशान लोगों के लिए बाल्टी से पानी फेंक रहे थे। उन्हें गोली मारी गई और वह छत से नीचे आ गिरे।फायरिंग के बाद सड़कों और गलियों में पड़े रामभक्तों के शव बोरियों में भरकर ले जाए गए।

## कविता

मेरे पास थोड़े-से पत्थर थे
और कुछ सूखे बाँस
जिनके सहारे मुझे
तय करना था अपनी सभ्यता का रास्ता
पुरानी सभ्यताएँ टीलों की खुदाई चाहती थीं
और मुझे अपनी सभ्यता को
टीलों में तबदील होने से बचाना था

दीवारों पर बाहर धूप और अन्दर दीमक थी
कुछ श्लोक और रूढ़ियाँ थीं मुझ पर हँसती हुई
शास्त्र थे शस्त्रों की तरह
मेरे पास इच्छाओं की पोटली थी
और वक़्त की एक छोटी-सी लाठी
जिसके सहारे
पार करना था अनिर्णयों का अरण्य

विस्मृति के जल में हिलते हुए
कुछ धुंधले अक्स थे
सूखते हुए आँसू थे
पिघलती हुई आत्मा
फूलों और सुगन्धियों से भरा
एक नरक मेरे सामने था
मेरे मोक्ष का रास्ता वहीं से होकर जाता था

कुमार अंबुज

## तेरी लीला कोई समझ न पाया

**हहां** बबलू, मैं बगीचे में धूप सेंक रहा हूँ और मेरी तबीयत भी ठीक है। बस दिमाग गरम रहता है। डॉक्टर ने कहा कि यह तंग जिंदगी का लोचा है। लेकिन तुम्हारी भाभी को यह सब नाटक लगता है। वह कहती हैं कि मैं कुछ काम नहीं करता, सिर्फ नाटक करता हूँ। काम से बचने के चोंचले हैं। अब उसे कौन बताए कि वह काम ज्यादा करती है और मुझसे भी यही अपेक्षा करती है। दिन भर झाड़ू लगाती रहती है। यह देख लगता मानो वह झाड़ू नहीं मुझे वश में रखने के लिए जादू टोना कर रही हो। उसे कौन समझाए कि इस उम्र में मुझ पर डोरे कौन डालेगा। एक तरफ भाभी के घरेलू नुस्खे और दूसरी ओर डॉकटर की हिदायतें। मुझे नहीं पता कि किसकी बात सुनूं, डॉक्टर की या तुम्हारी भाभी की। डॉक्टर आपको दस मिनट के लिए देखता है, लेकिन आपको चौबीस घंटे उसकी मुट्ठी में रहना पड़ता है। इधर ऑफिस की किचकिच और उधर पत्नी बाजार जाकर सब्जी लाने के लिए अपना बैग मेरे सामने फेंक दिया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि मैं किसका इलाज कराऊँ। पड़ोस में चोपड़ा साहब रहते हैं। वे मुझे खुद का इलाज करने से पहले पत्नी का इलाज करवाने के लिए कहा। वैसे भी तुम सब्जी खरीदने जाओगे लेकिन तुम्हें पता है कि तुम्हारी लाई हुई सब्जी उन्हें पसंद नहीं आएगी। उन्हें कोई बहाना चाहिए। कहते हैं बचपन में हमारी मां हमें खूब बादाम खिलाती थीं। अब देखो भाई, अम्मा ने जो किया उसका खामियाजा हम भुगत रहे हैं। उनका दिमाग पहेली खेल से भी अधिक जटिल होता है। इसे एक तरफ से मिलाओ तो दूसरी तरफ से खराब हो जाता है। स्थिति ऐसी है कि न तो हम पूरी तरह से कमजोर हो पाते हैं और न ही मजबूत। न जीने में, न मरने में, हमें अनारकली बनाकर रखा गया है। घी दूध से सारी मलाई निकालकर बनाया जाता है। वह तीन बार एक-एक चम्मच घी मांगता है और एक बार आधा चम्मच घी देता है। सारा घी भगवान के दीपक में चला जाता है। थोड़े से घी के मामले में भगवान भी तुम्हारी भाभी के साथ हैं। आज उन्हें डाँटने की जुर्रत भी करो तो सबसे पहले बुखार चढ़ता है। स्थिति उलट है, उनकी डांट के साथ दिन में तीन बार पैरासिटामोल लेना पड़ता है। अब तुम जानते हो कि यदि भगवान पांडवों के साथ थे, तो सौ भाई और एक बड़ी सेना भी हार गई थी। यहाँ हम अकेले हैं। रोज गीता पढ़ो लेकिन युद्ध के लिए जरूरी साहस पैदा मत करो। अब हम सोच रहे हैं कि हमें भी घी का दीपक जलाना चाहिए। लेकिन मुझे नहीं पता कि रसोई में घी कहां रखा होता है या फिर मैं उसे ढूंढता रहता हूं लेकिन कभी नहीं मिलता। एक बार मैं घी ढूंढते समय रंगे हाथ पकड़ा गया और तीन दिन तक मुझे जमानत नहीं मिली। अगर वह थाने में होती तो तीन घंटे के अंदर मिल जाती। हाल ही में सरकार ने महिलाओं के पक्ष में एक विधेयक पारित कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाया है। यहां राज्य सरकार रिश्तेदारी बना रही है सो अलग। अब हालात तो देखो भगवान भी उनके और सरकारें भी!

## विचार

## टहनियों तक जाये बिना सर्वोत्तम फल नहीं मिलेगा

**13वीं** शताब्दी ई. में एक दर्जन से अधिक जहाज के कप्तान छोटे-छोटे मार्गों से होने वाले समुद्री व्यापार और खोज में व्यस्त थे। लेकिन लंबी यात्रा का डर, मौसम की अनिश्चितता का डर, समुद्र का डर और अंततः अज्ञात के डर ने उन्हें लम्बी समुद्री यात्रा में जाने से रोक दिया। बहादुर और साहस वाले व्यक्ति ने समुद्र की इस चुनौती को स्वीकार किया और लंबी तथा असंभव यात्रा शुरू की। उन्होंने सभी प्रतिकूलताओं के खिलाफ जाने और नई दुनिया की खोज करने का जोखिम उठाया। इसके परिणामस्वरूप एक नए समुद्री मार्ग की खोज हुई और भारतीय उपमहाद्वीप के साथ यूरोपीय व्यापार शुरू हुआ। जोखिम उठाने का परिणाम उन्हें न केवल थोड़े समय में अधिशेष व्यापार के रूप में मिला, बल्कि लंबे समय तक उनका नाम भारतीय उपमहाद्वीप में आने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास के पन्नों पर अंकित हो गया और उनका नाम है वास्को डी गामा। डर एक प्राकृतिक मानवीय भावना है जो अक्सर जोखिम लेने में बाधा के रूप में कार्य करती है । यह एक शक्तिशाली प्रभाव है जो व्यक्तियों को पंगु बना सकती है, उन्हें उनकी वास्तविक क्षमता प्राप्त करने से रोक सकती है। यह शोध किया गया है कि कैसे डर के साथ रहना हमें जोखिम लेने से रोक सकता है, विकास और सफलता के अवसरों से वंचित कर सकता है। हालाँकि, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकले बिना, हम कभी भी जीवन में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगे। जोखिम लेने के सकारात्मक पहलुओं की जांच करके, हम डर पर काबू पाने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसरों को अपनाने के महत्व को समझ सकते हैं। जोखिम लेने की क्षमता में सबसे बड़ा स्पीड ब्रेकरः डर डर विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जैसे असफलता, अस्वीकृति या अज्ञात का डर। यह व्यक्तियों को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है और उनकी निर्णय लेने की क्षमता पर असर डाल सकता है। हमारे पास पानीपत की तीसरी लड़ाई का एक बड़ा उदाहरण है जहां दुश्मन का डर खुद से ज्यादा शक्तिशाली था। इसने मराठों को मानसिक रूप से बीमार बना दिया और उनके निर्णय खंडित हो गए, और इससे मराठाओं की सबसे बड़ी हार हुई। लोग अक्सर अपनी वर्तमान परिस्थितियों के साथ सहज हो जाते हैं, जोखिम लेने के बजाय अपने आराम क्षेत्र के दायरे में रहना पसंद करते हैं। असफलता का डर व्यक्तियों को पीछे धकेल देता है, क्योंकि वे शर्मिंदगी, निराशा या वित्तीय नुकसान जैसे संभावित परिणामों से डरते हैं। डॉक्यूमेंट्री 14 पीक्स में , हम उस आदमी को देखते हैं जिसे किसी चीज का डर नहीं है, वह आसानी से जोखिम ले सकता है और कल्पना से परे जा सकता है। उस एक युवा ने मजबूत मानसिकता के साथ 14 चोटियों पर विजय प्राप्त की। साथ ही, यह डर एक बाधा बन जाता है, जो उन्हें नई संभावनाएं तलाशने से रोकता है।
लोग नई चीजें हासिल करने के बजाय आसान चीजों में लग जाते हैं। लोग नई चीजों का आविष्कार करने या अपना खुद का स्टार्टअप बनाने के बजाय और सुरक्षित नौकरियों में चले जाते हैं। इसके अलावा, डर से आत्मविश्वास और अपने ऊपर भरोसे की कमी भी हो सकती है। जो व्यक्ति लगातार डर के साथ जी रहे हैं, वे अपनी क्षमताओं पर संदेह करते हैं और जोखिम लेने के साथ आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। सिडनी बॉक्सिंग डे टेस्ट में सचिन तेंदुलकर पहली पारी में अपनी कम क्षमता के कारण नहीं बल्कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद के डर के कारण आउट हुए। अगली पारी में उन्होंने किसी भी ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद को न खेलने का जोखिम उठाने के लिए मानसिक रूप से तैयारी की और इसके परिणामस्वरूप ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाया। डर व्यक्तियों को किसी भी स्थिति के नकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे जोखिम के विपरीत मानसिकता पैदा होती है । वे अज्ञात क्षेत्र में जाने की बजाय यथास्थिति पर कायम रहने के इच्छुक हो सकते हैं। जोखिम लेने के प्रति यह नापसंदगी किसी की क्षमता को सीमित कर सकती है और व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में प्रगति में बाधा उत्पन्न कर सकती है। जोखिम उठाएं और सार्थक परिणाम पाएं हालाँकि डर के साथ जीना सुरक्षित और आरामदायक लग सकता है, लेकिन यह अंततः व्यक्तियों को जीवन से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने से रोकता है। महात्मा गांधी ने बिल्कुल नई तरह का सत्याग्रह शुरू करने का जोखिम उठाया।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## मरती संवेदनायें - दम तोड़ते रिश्ते

बात 1998 की है। चंडीगढ़ में पी जी आई के मुख्य द्वार के बाहर एक अति वृद्ध बुजुर्ग फुटपाथ पर कई दिनों से एक ही जगह पर बैठा रहा। लोगों ने जब उससे उसके बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि -'एक सप्ताह पहले पंजाब के किसी गांव से वह अपने बेटे के साथ इलाज कराने पी जी आई आया था। उसके बाद मेरा बेटा मुझे इसी जगह पर बिठा कर चला गया और आज तक मुड़ कर नहीं आया '। उस वृद्ध की हालत देखकर लोगों को यह समझने में देर नहीं लगी कि उसका बेटा अपने बुजुर्ग पिता की बीमारी और तीमारदारी से ऊब कर उसे पी जी आई में इलाज के बहाने लाकर यहां छोड़ कर चला गया। जब लोगों ने उस बुजुर्ग को वापस उसके घर पहुँचाने की बात की तो वह राजी नहीं हुआ। वह कहता कि 'जब मेरा बेटा ही मुझसे दुखी होकर मुझे छोड़ गया तो मैं फिर उसे दुखी करने के लिये घर जाकर क्या करूँगा' ? आखिरकार कुछ समाजसेवियों की मदद से उसे किसी अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। 25 वर्ष पूर्व की यह घटना देखकर यह अहसास होने लगा था कि शायद मानवीय संवेदनाओं ने कराहना शुरू कर दिया है। परन्तु यह एहसास कतई नहीं था कि मानवीय संवेदनाओं के दरकने का यह सिलसिला तथाकथित संभ्रांत परिवारों यहां तक कि 'सेलेब्रिटी' स्तर के लोगों के परिवार में भी जा पहुंचेगा ? तीन वर्ष पूर्व महाराष्ट्र से एक समाचार आया कि एक वृद्ध महिला अपने फ़्लैट में न जाने कितने दिनों से मरी पड़ी थी। उसके शरीर का कंकाल उसके बेड के पास पड़ा था। कई दिनों बाद पड़ोसियों को संदेह हुआ तो दरवाजा तोड़ा गया तो वृद्धा का कंकाल बरामद हुआ। वृद्धा का एक पुत्र था जो अमेरिका में रहता था । जब उसे उसकी मां की मौत की सूचना दी गयी तो वह आया और दो चार दिनों के भीतर ही फ़्लैट बेचकर चलता बना। वैसे भी आप यदि शहरों में वृद्धाश्रम में जाकर देखें तो तमाम कथित संभ्रांत परिवार के लोग वहां अपनी जिंदिगी की आखिरी दिन अपने परिवार से दूर रहकर गुजारते दिखाई जायेंगे। संभव है कि कुछ बुजुर्गों को अपने अड़ियल व रूढ़िवादी सोच विचार के चलते यह दिन देखने पड़ते हों। परन्तु अधिकांश मामलों में यही देखा गया है कि बच्चों व उनके परिवार का स्वार्थपूर्ण रवैय्या और मां बाप के प्रति उनकी बेरुखी ही मां बाप जैसे पवित्र व मजबूत रिश्तों में भी दरार पैदा कर देती है।

## खरीद लें एक बढ़िया नेता

**आजकल** कई व्यक्ति सरकारी नौकरी बड़े जतन से खरीदते हैं। बहुत सारे लोग बड़ी चालाकी से व्यापार भी करते हैं। सरकारी नौकरी और व्यापार से संबंधित लोगों को समय-असमय सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। सरकारी प्रताड़ना पूर्णतया कानूनी होती है। सरकार अपनी कुर्सी बचाने या वोट खींचने के लिए इसे नियमानुसार संपादित करती है। इससे बचने का असली तरीका यही है कि आप अपने पास कोई एक अच्छा सा दलाल पाल लें। बढ़िया रहेगा कि आप अपने पैंट की जेब में एक-दो नेता खरीद कर रख लें। आजकल कई सयाने लोग चार-पांच नेता खरीद कर रखते हैं। खरीदा हुआ नेता हमेशा ही काम देता है। यह नेता आपके इच्छित स्थान पर ट्रांसफर कराने से लेकर इनकम टैक्स में गड़बड़ करने, ठेकेदारी दिलवाने आदि में काम आता है। यह नेता आवश्यक होने पर पुलिस के साथ सेटिंग करवाता है। मार्केट में एक से बढ़कर एक नेता हर समय बिकने के लिए उपलब्ध है। राजधानी क्षेत्र में तो ऐसे बिकने वाले नेताओं की भारी भीड़ जमा है। लोग अपने-अपने ढंग के नेता को खरीद कर रखते हैं। आज हर घर में एक न एक खरीदा हुआ नेता चाहिए। घर के सामने की नाली से कचरा साफ कराना हो, तो नेता की जरूरत। घर के पिछवाड़े मरे जानवर को हटवाना हो, तो नेता की जरूरत। दस दिनों में एक बार पानी का नलका आ जाए, इसकी प्रार्थना करने के लिए एक नेता की सख्त जरूरत होती है। राशन कार्ड बनवाना हो या आधार कार्ड में फोटो छपवानी हो, सब जगह नेता की जरूरत पड़ती है। बेचारा नेता! आप से क्या लेता है? बस उसकी रैली में उसके जयकारे! उसके लिए वोटों के चटकारे! उसके बुरे कामों में हां-हां मिलाने की बातें! वक्त-बेवक्त उसके द्वारा मारी गई लातें! बस और क्या चाहिए? नेताजी को मनचाहा दाम दीजिए और नेताजी को खरीद कर ही अपने कामों में लीजिए! चुनावी मेले के समय तो नेता फुटपाथ पर बिकने को तैयार हो जाता है। इस गली उस गली से लेकर हर एक चौराहे पर! हर प्रकार का नेता बिकने को तैयार है। कई-कई नेता तो नेता लोगों के हाथों में ही बिकने को अपना परम धर्म समझते हैं। एक नेता जब दूसरे नेता को खरीदना है, तो खरीदने वाला नेता भारी भरकम आलाकमानी नेता हो जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### नगर निगम में हुई जनसुनवाई

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

संभव शिकायतों के ससमय निस्तारण, संतुष्टि एवं समदृष्टि जन सुनवाई के लिये प्रत्येक सप्ताह जनसुनवाई के लिए नगर विकास मंत्री की ओर से निर्देशित किया गया है। जिसके दृष्टिगत मंगलवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ जनरलगंज स्थित नगर निगम के सभागार में प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई की गई एवं वृन्दावन कार्यालय में संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त शशांक चौधरी शिकायतकताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये के लिए निर्देशित किया। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुई शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये।

जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिविल आदि उपस्थित रहे।

### परिवहन मंत्री का निर्देश, चेकिंग के बाद ही रूटों पर भेजी जाएं बसें

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

योगी सरकार का सुरक्षित सफर पर विशेष जोर है। परिवहन निगम की अनुबंधित बसों में आग लगने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं कि बसों की पर्याप्त चेकिंग की जाए।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिया है कि निगम के क्षेत्रीय अधिकारी स्वयं चेक करें कि बसों में अग्निशमन यंत्र लगे हों। बसों में ऑयल लीकेज न हो, विद्युत वायरिंग इत्यादि ठीक हो। उन्होंने कहा कि यदि बसों में म्यूजिक सिस्टम, फैन, अतिरिक्त लाइट इत्यादि लगे हों तो उसकी भी जांच अवश्य की जाए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि कोई भी ज्वलनशील पदार्थ का वहन तो बसों द्वारा नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने चालकों तथा परिचालकों को अग्निशमन यंत्र चलाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये।

प्रधान प्रबंधक (प्राविधिक) एस. एल. शर्मा ने कहा कि परिवहन मंत्री के निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि फोरमैन, केन्द्र प्रबंधक सभी को निर्देश दिये गये हैं कि बसों की सभी इलेक्ट्रिक वायरों, बैट्री से संचालित मोबाईल चार्जर इत्यादि की जांच करें और सुनिश्चित करें कि सभी उपकरण ठीक-ठाक रहें। उसके पश्चात ही बसों को रूटों पर भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सेवा प्रबंधक मौके पर बस का निरीक्षण कर यह भी देखेंगे कि कहीं ज्वलनशील पदार्थ का तो नहीं किया जा रहा है।

### शीतकालीन सत्र : चारों युगों में योगी सरकार जैसी कोई नहीं - चौधरी लक्ष्मीनारायण

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर हो या फिर कलयुग, योगी सरकार जैसी कोई सरकार नहीं। योगी सरकार ने प्रदेश की 11 लाख गायों के भर पोषण का जिम्मा उठाया है।

शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को विपक्ष की ओर से शून्य प्रहर के दौरान छुट्टा जानवरों की व्यवस्था से जुड़े सवाल का उत्तर देते हुए चौधरी ने कहा कि विपक्ष के लोग छुट्टा जानवरों की बात करते हैं, हमारी सरकार इकलौती ऐसी सरकार है जिसने निराश्रित गोवंश को पालने के लिए रुपये दे रही है।

इनकी सरकार में तो जानवर काटे जाते थे। मंत्री को सुनकर समाजवादी पार्टी के सदस्य अपनी कुर्सी पर खड़े होकर इसका विरोध करने लगे। हालांकि अध्यक्ष की मध्यस्थता से दोनो पक्ष शांत हुए।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार निराश्रित गोवंश पालने वालों को प्रति गोवंश पर हर दिन 50 रुपये भुगतान करती है।

मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार धान खरीद रही है। प्रदेश भर में 5109 धान क्रय केन्द्र खोले गए हैं। इस साल अब तक सात लाख 47 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। हालांकि यह पिछले साल की तुलना में यह कम है।

चौधरी ने पिछली सरकारों में धान की कम खरीद होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 के बीच लगभग 17 हजार करोड़ रुपये का सरकारी केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीद हुई। योगी सरकार में 65 हजार 132 करोड़ रुपये का धान खरीदा गया है।

# हरियाणा में चोरी, लूटपाट व फिरौती की वारदातों से व्यापारियों में नाराजगी:गर्ग

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने राजगुरु मार्केट में दुकानों में अपराधियों द्वारा हजारों रुपए की नगदी व कपड़े चोरी करने व इस प्रकार हिसार जिले में जगह-जगह चोरी की वारदातें होने की कड़े शब्दों में निंदा की है। बजरंग गर्ग ने पीड़ित व्यापारियों से मिले और चोरी की पूरी जानकारी ली। बजरंग गर्ग ने व्यापारियों से बातचीत करते हुए कहा कि हिसार जिले के साथ-साथ पूरे हरियाणा प्रदेश में चोरी, अपहरण, फिरौती व



लूटपाट की वारदातें बढ़ती जा रही है। यहां तक की हिसार जिले में राजगुरु मार्केट के अलावा जगह-जगह अनेकों चोरियां हो चुकी है मगर पुलिस प्रशासन चोरों को पड़कर चोरी का माल बरामद करने में पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है। पुलिस प्रशासन को चोरों को पड़कर तुरंत चोरी का माल बरामद करना चाहिए। यहां तक की केंद्रीय क्राइम ब्यूरो के आंकड़े के अनुसार हरियाणा क्राइम के मामले में अव्वल स्थान पर है। बजरंग गर्ग ने कहा कि पिछले दिनों सच मोबाइल की दुकान में अपराधियों द्वारा लगभग 70 लाख रुपए की मोबाइल व नगदी की चोरी की बारामदी अभी तक नहीं हुई है व राजगुरु मार्केट में व्यापारी बिट्टू सरदाना से पिछले दिनों 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई।

मगर 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाला मुख्य आरोपी को आज तक पुलिस पकड़ नहीं पाई है जिसके कारण प्रदेश के व्यापारियों में सरकार और पुलिस प्रशासन के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार को व्यापारियों व आम जनता की सुरक्षा के लिए पुख्ता से पुख्ता प्रबंध करने चाहिए। पुलिस प्रशासन को शहर व मंडियों में पीसीआर, मोटरसाइकिल राईडर व पुलिस गस्त की व्यवस्था करनी चाहिए और सरकार को अपने खर्चे पर पूरे शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए ताकि अपराधी अपराध करने की हिम्मत ना कर सके। जिस एरिया में चोरी, लूटपाट की वारदातें होती है उस एरिया के चौकी व थाने इंचार्ज की सरकार को जिम्मेदारी फिक्स करनी चाहिए कि उनके एरिया में वारदात कैसे हुई, इससे क्राइम में अंकुश लगेगा।

## ग्रामीणों को दिखाया कैसे ड्रोन से करें कीटनाशकों का छिडकाव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत विकास खण्ड फरह की ग्राम पंचायत झण्डीपुर एवं झुडावई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रचार वैन के माध्यम से भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की वीडियो उपस्थित कृषकों एवं ग्रामीणों को दिखायी गयी। साथ ही कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी तथा कृषकों को कृषि सम्बन्धी नवीनतम तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गयी। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड द्वारा विभागीय योजनाओं के विषय में भी जानकारी प्रदान की गयी। अग्रणी जिला प्रबंधक केनरा बैंक द्वारा बैंकों के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित कृषकों ग्रामीणों की बैंक सम्बन्धी जिज्ञासाओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग का स्टाल लगाकर पीएम किसान, पीएम प्रणाम, एफपीओ, गौ आधारित प्राकृतिक खेती, मिलेट्स आदि के विषय में सम्बन्धित क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा जागरूक करते हुए प्रचार प्रसार के लिए पम्पलेट्स का वितरण किया गया।

साथ ही दोनों ही गांव से पीएम किसान योजना के पांच पांच लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इफको द्वारा गांव झण्डीपुर एवं झुडावई में कृषकों के सामने ड्रोन द्वारा फसलों पर कीटनाशक रासायनिक उर्वरकों का छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

## हमने आपके लिए कितना कुछ किया, गांव गांव जाकर बताएगी सरकार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव से पहले सरकार सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार में जुट गई है। लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और उन्हें बताया जा रहा है कि किस तरह सरकार जनकल्याण की तमाम योजनाओं को विगत सालों में सफलतापूर्वक संचालित करती रही है और इन योजनाओं ने आम लोगों के जीनव को किस तरह से सुगम बनाया है। सरकार दिसंबर जनवरी में विकसित भारत का संकल्प लेकर गांव गांव पहुंच रही है।

सरकार के मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों के साथ संसदीय क्षेत्र के जिलों में गांव गांव जाकर जनता को मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां बताएंगे। जनपद मथुरा में एक वैन विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए प्राप्त हो चुकी है। इस तरह की कुल चार वैन जनपद को प्रचार प्रसार के लिए मिलेंगी। इस वैन को जनपद के फरह



विकासखण्ड के ग्राम भाहई में एवं धरमपुरा में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। दोनों ही ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल संचालन किया गया। जिसमें कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया गया।

जनपद में एक वैन प्राप्त हो चुकी है। कुल चार वैन जनपद को आवंटित की गई हैं, शीघ्र ही दो वैन और प्राप्त हो जाएंगी। वैनों का संचालन तय रूट प्लान के अनुसार कर कार्यक्रम को सम्पन्न कराया जायेगा। जिससे ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे वृंदावन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज से मिलने के लिए बुधवार की सुबह पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रेमानंद महाराज का शॉल व माला पहनाई। वही आपको बता दें कि आरएमएस प्रमुख मोहन भागवत तीन दिन के प्रवास पर मथुरा वृंदावन पहुंचे हैं। जहां पर उन्होंने सर्वप्रथम मथुरा के फरह स्थित गौ अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया था। वही उसके बाद वह वृंदावन पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि महाराज जी मैं आपकी वीडियो और आपके प्रवचन सोशल मीडिया के जरिए सुनता रहता हूं।

## आदेश में गेस्ट्रो के रोगियों को मिल रहा सशक्त उपचार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)**

आदेश अस्पताल में गेस्ट्रो के रोगियों को सशक्त उपचार मिल रहा है। पीजीआई और सुहाना के अस्पतालों में लम्बे समय तक सेवाएं देने के बाद अनुभवी गेस्ट्रोएंट्रोलॉजीस्ट डॉक्टर जाहन्वी धर रोगियों का उपचार कर रहीं है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में डॉक्टर जाहन्वी धर ने बताया की आदेश के गेस्ट्रो विभाग में फूड पाइप से संबंधित मरीज, गाल ब्लेडर, लीवर कैंसर, एक्यूट पैनक्रियाज, छोटी व बड़ी आंत और पेट से जुड़ी सर्जरी का उपचार किया जा रहा है। डॉक्टर जाहन्वी धर ने कहा



की इन बिमारियों से सम्बंधित हर तरह से एंडोस्कोपी जाँच आदेश अस्पताल में की जा रही है जो की रोगियों की लिए बेहद लाभप्रद है। उन्होंने कहा की शाहाबाद के साथ-साथ अम्बाला, यमुनानगर, करनाल और कुरुक्षेत्र में आदेश मात्र अस्पताल है जहां गेस्ट्रो विभाग मेडिकल क्षेत्र की बेहतरीन व नयी तकनीक के साथ उपचार कर रहा है। डॉक्टर जाहन्वी धर ने कहा की गलत खानपान के कारण इस तरह की रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है इसलिए जरूरी है की जब किसी को भी फूड पाइप, गाल ब्लेडर, लीवर कैंसर, एक्यूट पैनक्रियाज, छोटी व बड़ी आंत और पेट से जुड़ी बिमारियों आदि की लक्षण हो तो तुरन्त चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए।

क्योंकि इनमे लापरवाही गंभीर रोग का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा की इन रोगों से ग्रस्त रोगियों को अब कही भटकने की जरूरत नहीं हैं और ऐसे रोगियों को पीजीआई स्तर का उपचार देने की व्यवस्था आदेश अस्पताल में है।

## बाबैन का सरकारी स्कूल सौन्दर्यकरण प्रतियोगिता में जिला स्तर पर रहा प्रथम

**बाजी मारी**

8 प्रधानाचार्य ने बताया कि ये एक कड़ी प्रतियोगिता थी, पर हमारे स्टाफ ने एक टीम के रूप में कार्य किया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)**

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन अपने अकादमिक अनुशासन और उपलब्धियों के लिए तो जिले भर में अपनी विशेष पहचान रखता ही है, इस बार विद्यालय ने मुख्यमंत्री विद्यालय सौन्दर्यकरण प्रतियोगिता में भी, जिला स्तर पर प्रथम आकर




बाजी मारी है. विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि ये एक कड़ी प्रतियोगिता थी, पर हमारे स्टाफ ने एक टीम के रूप में कार्य किया और बच्चों के साथ मिलकर इस बड़े सपने को साकार किया है. विद्यालय के अपने इतिहास में पहली दफे ये उपलब्धि हासिल की है. सी बी एस सी बोर्ड के सभी मानकों को पूरा करते हुए इस बाबैन के विद्यालय ने कार्य करने की एक अपनी ही शैली विकसित की है. ये शैली सुबह बच्चो के विद्यालय में प्रवेश से शुरू होकर, सुबह के प्रार्थना के सत्र के संचालन, फिर समुचित शिक्षण के लिए पाठ योजना से लैस तकनीक युक्त शिक्षण में, यहां की सुचारु प्रयोगशालाओं में, यहाँ के पुस्तकालय प्रबंधन से लेकर छुट्टी के समय बच्चो के निकलने तक में स्पष्ट दिखाई देती है. स्कूल के भवन और कुशलता को देखते हुए लगता है मानो किसी अच्छे बड़े निजी विद्यालय में आ गए हों. इस विद्यालय में सभी क्लास रूम स्मार्ट हैं और उन्नत ई-लाइब्रेरी है.

विद्यालय की खासियत विद्यालय का भव्य प्रवेश द्वार, 20 किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम, सुन्दर पार्क, हरेक कक्षा कक्ष में डिजिटल बोर्ड के साथ ही ग्रीन बोर्ड और नोटिस बोर्ड, विद्यालय द्वारा अपने से ही डिजाइन बच्चों की डायरी, आधुनिक सुविधाओं से लैस विज्ञान, कंप्यूटर, डीटीएच, एस्ट्रोनामी, आइटी प्रयोगशालाएं हैं।

प्रतियोगिता का परिणाम आते ही न केवल विद्यालय के स्टाफ और बच्चो में, मानो समूचे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई. गांव के सरपंच संजीव सिंगला ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य रमेश कुमार को बधाई दी है. प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि का श्रेय पूरे स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति के पूर्व प्रधान बलविंद्र और वर्तमान प्रधान जनक राज, वर्तमान सरपंच संजीव सिंगला के साथ ही पूर्व सरपंच मोती राम, ग्रामीणों और विद्यार्थियों का दिया है।

उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता अपने आप में एक अनूठी प्रतियोगिता है।

## सर्दी में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग भी हो सकता है जानलेवा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सर्दी शुरू होते ही घरों में गीजर सहित दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल शुरू हो जाता है। हर साल अनेक घरों में नए गैस गीजर भी लगते हैं। सावधानी न बरती जाए तो ये उपकरण कई बार जानलेवा भी हो जाते हैं। विशेषज्ञों की राय है कि कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखकर गीजर व दूसरे उपकरणों की वजह से होने वाले हादसों से बचा जा सकता है। गीजर को लोग अक्सर बाथरूम के भीतर लगाते है। बाथरूम के बाहर गैस गीजर हो तो खतरा कम होता है। यह गाइड लाइंस गैस गीजर की पैकिंग पर भी दी जाती हैं लेकिन अक्सर लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। गैस गीजर का उपयोग न करने की कोशिश करें, लेकिन अगर बहुत जरुरी हो तो केवल मानक ब्रांडों के गीजर का ही उपयोग करें और उन्हें बाथरूम आदि से बाहर खुले में लगना चाहिए तथा गीजर के साथ दिए निदेशों का ध्यान रखते हुए उपयोग करना चाहिए।

\ चिरायु हॉस्पिटल के चिकित्सक राजीव अग्रवाल ने बताया कि गीजर से जहरीली गैस कार्बन मोनोऑक्साइड निकलती है खासकर अगर कनेक्शन ठीक से न किया गया हो, ज्यादातर बाथरूम में वेंटिलेशन नहीं होता और पूरी तरह बंद होते हैं, जिससे बाथरूम में गैस इकट्ठा हो जाती है और इसमें कोई गंध न होने की वजह से पता भी नहीं चल पाता, जिसके चलते ऑक्सीजन शरीर के विभिन्न अंगों तक नहीं पहुंच पाती, और विषैली गैस के संपर्क में आने से और मरीज बेहोश तक हो जाते हैं और कोमा में भी जा सकते हैं। जल्द पता न लगने की स्थिति में मरीज की मृत्यु तक हो सकती हैं।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना महावन अंतर्गत सुहानी पैलेस के नजदीक मथुरा सादाबाद रोड पर एक युवक को इको गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गयाद्य जिससे भीड़.एकत्रित हो गई और एक रिश्तेदार द्वारा 108 नंबर एंबुलेंस को बुलाकर सीएचसी बलदेव में भर्ती कराया। घायल युवक के रिश्तेदार रमेश ने बताया कि सुरेश पुत्र हीरा सिंह निवासी लोहवन थाना यमुना पार एक सुहानी पैलेस,महावन एक कार्यक्रम में आया था जहां मथुरा सादाबाद रोड पर सुहानी पैलेस के समीप पीछे से आ रही एक इको गाड़ी ने टक्कर मार दी इसके बाद गंभीर अवस्था में युवक को एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी बलदेव पर भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने घायल युवक का एंबुलेंस में प्रथम उपचार किया और बताया कि पैरों में इंजरी है।

## हादसाः मातम में बदलीं शादी की खुशियां, चार लोगों की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सर्दियों की दस्तक, शादियों का दौर यानी हादसों का सीजन। मथुरा जनपद की सीमा में तीन दिन में यमुना एक्सप्रेस वे व आगरा दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन दिन में तीसरा बडा हादसा हो गया। मंगलवार की रात को करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर कोसीकला क्षेत्र में हुए इस भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि इतने ही लोगों की हालत गंभीर है जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है।

मंगलवार को हरियाणा के पलवल के दीघोट, औरंगाबाद



थाना मुंडकटी से बरात छाता के गांव उमराया में बारात आई थी। बरात में शामिल होने के लिए 15 बाराती एक टैंपो ट्रैवलर से पहुंचे। यहां से ट्रैवलर सवार बराती देर रात खाना खाकर पलवल जा रहे थे। बराती लेकर जा रहा ट्रैवलर जैसे ही राजमार्ग पर बठैन गेट चौकी के समीप पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

घायल चार लोगों को केडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद हाईवे पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू करवाया।

ये हैं घायल और मृतक

प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार बालियान ने बताया कि हादसा रात करीब 11 बजे हुआ।

> **रात** को लगभग 11 बजे कोसीकला थाना क्षेत्र में एनएच 19 पर एक टेम्पो ट्रैवलर व एक ट्रक में टक्कर हो गई। इसमें कि आठ व्यक्ति गंभीररूप से घायल हो गये थे जिन्हें गंभीर हालत में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। जिनमें से चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है और टेम्पो ट्रैवलर और ट्रक हो हाईवे से हटवा दिया गया है। यातायात सुचारू है।
>
> **-त्रिगुण विशेन, एसपी देहात**

# आप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा कार्यकर्ता सम्मान समारोह में हुए शामिल

**अंबाला/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा बुधवार को कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता किसी भी स्थिति और हालात से लड़ने के लिए तैयार है। इनके मन में एक ही जज्बा है कि सरकार बदलनी है और आम आदमी की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार है, बस एक ही सपना दिमाग में चलता है कि आम आदमी पार्टी की सरकार आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार इसलिए आनी चाहिए क्योंकि पिछले 57 सालों से ये लुटेरे हरियाणा को नौच नौच कर खा गए। सभी भ्रष्टाचारी 57 साल से प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। इन्होंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया, न स्कूल अच्छे बने, न अस्पताल, न 24 घंटे बिजली मिलती, न पानी मिलता और ने सड़कें अच्छी बनी। उन्होंने कहा कि किसी भी विधानसभा के 99.9% लोगों को अपने जीवन में कभी भी विधायक से सीधा काम नहीं पड़ता, लेकिन सरकार अच्छी चाहिए क्योंकि सरकारी सुविधाओं की जरूरत एक एक आदमी को पड़ती है। इसलिए दूसरी पार्टी वाले कहते हैं कि मुझे विधायक और मंत्री बनवादो तुम्हारे वारे न्यारे कर दूंगा। जबकि आम आदमी पार्टी के नेता कहते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार



बनवा दो आप सबके वारे न्यारे करादेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 39 हजार से ज्यादा सरकारी नौकरी दे दी है, जिसमें बहुत से युवा हरियाणा के भी लगे हैं। आम घरों के बच्चों को नौकरी लगने के लिए एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पंजाब में सीएम भगवंत मान ने ऐसी व्यवस्था बना दी कि जो भी सरकारी नौकरी की काबिलियत रखता है उसको सरकारी नौकरी मिल जाए। जबकि पूरे हरियाणा में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसको भूपेंद्र हुड्डा ने बिना पैसे के नौकरी लगाया हो। हरियाणा के लोग इतने भोले हैं, इसको भी एहसान मानते हैं कि उनके बेटे की पैसे लेकर नौकरी लगवा दी। उनको ये पता ही नहीं कि आम आदमी पार्टी की सरकार में बिना पैसे लिए आम घरों के बच्चों की नौकरियां लग रही हैं। जैसे जैसे ये बात लोगों तक पहुंच रही है तो पूरा हरियाणा एक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद कोई सरकार ऐसी नहीं बनी जो हमारे बिजली, पानी, स्कूल और अस्पताल ठीक करादे। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की नकल करके जब हरियाणा में अमित शाह आए तो उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की घोषणा की, लेकिन नकल के लिए अकल की जरुरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अनाउंस होने के बाद पंजाब सरकार की तरफ से तीर्थ यात्रा के लिए ट्रेन रवाना कर दी गई है और अगले 95 दिनों में 53 हजार पंजाब के बुजुर्ग तीर्थ यात्रा पर जाएंगे। जबकि हरियाणा में एक भी तीर्थ यात्री खट्टर सरकार की अनाउंस की गई योजना में तीर्थ दर्शन करने के लिए नहीं गया है और न अभी तक कोई योजना है कि कब भेजेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर ने घोषणा की कि एक लाख 80 हजार तक वार्षिक आय वाले परिवार की बेटियों को मुफ्त शिक्षा देंगे। सीएम खट्टर अरविंद केजरीवाल की नकल करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि दिल्ली में सबकी शिक्षा मुफ्त है। सीएम खट्टर ने घोषणा तो कर दी लेकिन जिनकी 2 लाख रुपए इनकम हैं उन्होंने क्या कसूर कर दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही हरियाणा में पैदा होने वाले हर बच्चे की शिक्षा पूरी तरह से मुफ्त होगी और सबकी बिजली मुफ्त होगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष गुरुपाल सिंह, अनिल पंजेटा, मोहित त्यागी, राहुल कोटियान, जसविंदर जाट, ज्ञानचंद, सोमनाथ, सचिन शर्मा, दीप्ति चौहान, सतीश राणा और जगमाल सिंह मौजूद रहे।

हरियाणा सरकार

G20 भारत 2023 INDIA



"इस यात्रा में सरकार मिशन मोड में है। देश के गांव -गांव जायेगी। हर गरीब, हर वंचित जो सरकारी योजनाओं के लाभ का हकदार है उसे लाभार्थी बनाया जाएगा। ग्राम स्वराज अभियान की तरह ही हमें विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी पूर्ण सफलता मिलेगी।"

- नरेन्द्र मोदी

30 नवम्बर, 2023 को
**श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**
का यात्रा में संबोधन



# विकसित भारत संकल्प यात्रा

**15 नवम्बर, 2023 से 25 जनवरी, 2024**

एल.ई.डी. वाहनों के माध्यम से 6222 पंचायतों व 88 नगर निकायों को किया जाएगा कवर

हरियाणा में लगभग 7 हजार कार्यक्रम होंगे आयोजित

कार्यक्रम स्थल पर स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं तथा योजनाओं का लोगों को मौके पर मिलेगा तुरंत लाभ

## हरियाणा में यात्रा का शुभारंभ

**श्री मनोहर लाल**
मुख्यमंत्री, हरियाणा
द्वारा

**30 नवम्बर, 2023**
**फतेहपुर बिल्लौच, फरीदाबाद**